સાકેત નગરમાં ઇક્ષ્વાકુ વંશમાં જન્મેલા બે ભાઈઓ જિતશત્રુ અને સુમિત્ર એ રાજાઓ હતા. તેમની બન્નેની બે ભાર્યાઓ હતી-વિજયા અને વૈજયંતી, તે બન્નેએ આ પ્રમાણે ચૌદ મહાસ્વપ્નો જોયાં. તે જેમકે- ગજ, વૃષભ, સિંહ, લક્ષ્મી, માળા, ચંદ્ર, સૂર્ય, ધ્વજ, કુંભ, પદ્મસર, સાગર, વિમાન અને ભવન,[૧] રત્નોનો સમૂહ અને અગ્નિ, તે રાજાઓએ સ્વપ્નપાઠકોને એ સ્વપ્નો કહ્યા. તેઓએ એ સ્વપ્નો સમજાવ્યાં કે, ''પુત્રોમાંથી એક તીર્થંકર થશે, બીજો ચક્રવર્તી થશે.'' કાળે કરીને તે સ્ત્રીઓને પ્રસૂતિ થઇ. બાર દિવસ થતાં જિતશત્રુએ પુત્રનું નામ અજિત પાડયું, અને સુમિત્રે સગર પાડયું. અનુક્રમે ઊછરેલા તેઓ યૌવનમાં આવ્યા, અને તેમને ઉત્તમ રાજકન્યાઓનું પાણિગ્રહણ કરાવવામાં આવ્યું.

અન્યદા જિતશત્રુ રાજાએ પોતાના પુત્ર અજિતને રાજ્યગાદી ઉપર બેસાડ્યો, અને ભાઈના પુત્ર સગરને યુવરાજપદે સ્થાપિત કર્યો. પછી જિતશત્રુ રાજા શ્રી ઋષભદેવના તીર્થમાં સ્થવિરોની પાસે સંયમ સ્વીકારીને સિદ્ધિમાં ગયો. પછી અજિત રાજા પણ ઘણા કાળ સુધી રાજ્યનું પાલન કર્યા પછી તે રાજ્યનો ત્યાગ કરીને તીર્થંકર થયા. સગર પણ ચૌદ રત્નો અને નવ નિધિનો અધિપતિ એવો ચક્રવર્તી થયો. તે સગરના જહ્નુકુમાર આદિ સાઠ હજાર પુત્રો હતા. હાર અને મુકુટને ધારણ કરનારા તેઓ સર્વે પિતાની રજા માંગી, ચક્રવર્તીનાં રત્નો અને નિધિઓને સાથે લઈને વસુધામાં વિચરવા લાગ્યા. સર્વ જનોને હિરણ્ય-સુવર્ણ આદિ સંપત્તિ આપતા અને યશ તથા કીર્ત્તિ ઉપાર્જન કરતા તેઓ અષ્ટાપદ પર્વત આગળ પહોંચ્યા. ત્યાં સિદ્ધોને વંદન કરીને

---

૧. જે ઉર્ધ્વલોકમાંથી આવે છે તેની માતા વિમાન જુએ છે અને અધોલોકમાંથી આવે છે તેની માતા ભુવન જુએ છે.

જિનાયતન, સ્તૂપરચના તથા પ્રતિમા જોઈને અમાત્યને પૂછ્યુંઃ આ આયતન કોણે કરાવ્યું છે? ક્યારે કરાવેલું છે? આના જવાબમાં અષ્ટાપદતીર્થની ઉત્પત્તિનો સંબંધઃ-

*** અષ્ટાપદ તીર્થની ઉત્પત્તિ :**

ઉત્તમ લક્ષણોથી યુક્ત ઋષભ નામે રાજા હતા. જેમણે પ્રજાઓને પૂર્વે વ્યવસ્થિત કરી હતી. જેમણે રાગને દમ્યો છે, જે કામભોગોથી વિરક્ત છે તથા જેમણે કર્મોને ધમી નાખ્યાં છે એવા તે મહાત્મા ભગવાન ઉત્તમ શ્રામણ્ય પાળીને દશ હજાર અણગારોની સાથે આ અષ્ટાપદગિરિ ઉપર મોક્ષે પધાર્યા છે તેમનું આ આયતન અને સ્તૂપરચના છે. ભરત નામે તેમનો પુત્ર પ્રથમ ચક્રવર્તી ચૌદ રત્નો અને નવ નિધિનો અધિપતિ હતો તેણે આયતન, પ્રતિમા અને સ્તૂપ કરાવ્યાં છે.

સમુકુટ કેવલજ્ઞાની એવા તે ભરત શ્રામણ્ય સ્વીકારીને મોક્ષે ગયા. તેમનો આદિત્યયશ નામે પુત્ર હતો. જેનો સ્વયં ઈન્દ્રે રાજા તરીકે અભિષેક કર્યો હતો. તે આદિત્યયશે સકલ ભારતવર્ષને ભોગવીને દીક્ષા લીધી. આ સાંભળીને સંતુષ્ટ અને વિસ્મિત મનવાળા થયેલા જહ્નુકુમાર વગેરે કુમારોએ 'અમારું કુળ જય પામે છે' એ પ્રમાણે ઉત્કૃષ્ટ-સિંહનાદથી ગગનતલ ભરી દીધું. પછી જહ્નુ વગેરે કુમારો પરસ્પરને કહેવા લાગ્યા, ''આપણી પાસે પણ તે જ રત્નો છે, તે જ નિધિઓ છે, તે જ વસુધા અને રાજાઓ છે, તો સર્વરત્નમય જિનાયતન આપણે કરીએ.'' આ પ્રમાણે તેઓ પ્રયત્ન કરવા લાગ્યા. પછી તે જહ્નુ વગેરે કુમારોએ પોતાનાં માણસોને આજ્ઞા આપી, ''અષ્ટાપદ જેવા પર્વતની શોધ કરો.'' તેઓએ શોધ કરી, પણ અંતે 'અષ્ટાપદ જેવો પર્વત નથી' એ પ્રમાણે તેમણે નિવેદન કર્યું. પછી તે કુમારોએ અમાત્યને પુછયું, ''આયતન કયાં સુધી રહેશે ?'' એટલે અમાત્યે કહ્યું, ''આ અવસર્પિણી સુધી રહેશે, એમ મેં કેવલી જિનોની પાસે સાંભળ્યું છે.'' પછી તે કુમારો એકબીજાને કહેવા લાગ્યા, ''આ પર્વતનું જ રક્ષણ કરીએ, કેમ કે કાળદોષથી લોભગ્રસ્ત મનુષ્યો પેદા થશે, જેઓ આયતનનો વિનાશ કરશે.'' પછી તેમણે તે પર્વતને ચારે બાજુએ પહેલા કાંડતલ સુધી દંડરત્ન વડે છિન્નકટક નાખ્યો (અર્થાત્ ચડવાના રસ્તા કાપી નાખ્યા) અને ખાઈ ખોદવા લાગ્યા. એટલે ત્રાસ પામેલો જ્વલનપ્રભ નાગ ઊઠ્યો અને આવીને કુમારોને કહેવા લાગ્યો, ''અરે ! અરે ! મારા ભવનદ્વારને ભાંગશો નહીં.'' આથી કુમારોએ તેને કહ્યું, ''આ ભૂમિ કોની છે ?'' નાગ બોલ્યો, ''તમારી છે, પરન્તુ તો પણ ભાંગશો નહીં, કારણ હું પહેલાંથી અહીં રહું છું,'' 'જો અમારી ભૂમિ છે તો તું શા માટે અટકાવે છે ?' એ પ્રમાણે કુમારોએ તેનો તિરસ્કાર કર્યો, એટલે તે પોતાના ભવનમાં ગયો. પછી તે કુમારો પૂર્ણ દિશામાં પ્રવાહ-નદી સુધી ગયા. ત્યાંથી દંડરત્ન વડે ખોદીને ગંગાને ઉદ્વર્તિત કરીને તેઓ પર્વતની ખાઇ સુધી લાવ્યા. ખાઇમાં પડતી ગંગા અતિશય શોભાવાળી લાગી. પછી સન્તુષ્ટ થયેલા તે કુમારોએ તૂર્યના શબ્દથી મિશ્ર એવો ઉત્કૃષ્ટિ-સિંહનાદરૂપી કોલાહલ કર્યો. તે શબ્દ સાંભળીને, જળ વડે પુરાતું પોતાનું ભવન જોઈને રોષાગ્નિ વડે પ્રજ્વલિત થઈને ધમધમતા જ્વલનપ્રભ નાગે બહાર આવીને તે સૈન્યમાંના રાજાઓ, આમાત્ય અને પ્રાકૃત મનુષ્યોને છોડી દઈને જહ્નુ વગેરે સાઠ હજાર કુમારોને પોતાના દૃષ્ટિવિષથી બાળી નાખ્યા. પછી બાકી રહેલા રાજાઓ, અમાત્ય અને સૈન્ય એ સૌ સાકેત નગરમાં આવ્યાં.

જહ્નુકુમાર વગેરે સગરના સાઠ હજાર પુત્રોને કુપિત જ્વલનપ્રભ નાગે દૃષ્ટિવિષના અગ્નિથી બાળીને ભસ્મસાત્ કર્યા છે. પુત્રોનું મરણ સાંભળીને મૂર્ચ્છિત રાજા જમીન ઉપર ઢળી પડ્યો પછી આશ્વાસિત થતાં ભાન આવતાં અમાત્યને પૂછ્યું- જ્વલનપ્રભ નાગે મારા પુત્રોને કેવી રીતે બાળી નાખ્યા. તેમ જ શું કારણ હતું? ત્યારે મંત્રીએ કહ્યું- સ્વામિન્ ! કુમારોએ મહાનદી ગંગાને અષ્ટાપદમાં આણી છે. હવે આગળ માર્ગ નહીં મળતાં તે નદી સર્વજનપદોનો જળથી વિનાશ કર્યો છે માટે રાજન્ ! ગંગાને સમુદ્રગામિની કરો. પછી રાજાએ પુત્ર ભાગીરથને આજ્ઞા આપી કે- આ દંડરત્ન લઈને ગંગા મહાનદીને સમુદ્રમાં લઈ જા. પછી તે

ભાગીરથીકુમાર રાજાની આજ્ઞા સ્વીકારીને દંડરત્ન લઈ અષ્ટાપદ પાસે ગયો ત્યાં અઠ્ઠમભક્તની તપશ્ચર્યા કરીને દર્ભના સંથારા ઉપર રહીને જ્વલનપ્રભ નાગનું ધ્યાન ધરતો તે બેઠો. પછી અઠ્ઠમભક્ત સમાપ્ત થતાં તે જ્વલનપ્રભ નાગ ભાગીરથિ પાસે આવ્યો. પછી ભાગીરથિએ અર્ઘ્ય, બલિ, ગંધ, માલ્ય અને ધૂપ વડે તેનો સત્કાર કર્યો, એટલે તે બોલ્યા, ''તારું શું કાર્ય કરું ?'' કુમારે કહ્યું, ''તમારી કૃપાથી દંડરત્ન ગ્રહણ કરીને મહાનદી ગંગાને એક માર્ગે સમુદ્રગામિની કરીશ.'' એટલે નાગે કહ્યું, ''જા, જલદી તેમ કર. ભરતમાં જે નાગો છે તે સર્વે મારા વશવર્તી છે.'' પછી ભાગીરથિકુમાર રથ ઉપર બેસીને દંડરત્ન વડે ગંગાનદીને, હસ્તિનાપુરને સ્પર્શ કરે તેમ કુરુજનપદનાં મધ્યમાં થઈને અને કોસલા જનપદની દક્ષિણમાં થઈને, ખેંચી જવા લાગ્યો. પશ્ચિમમાં જ્યાં નાગોનાં ભવનને (નદીના પ્રવાહથી) ઈજા આવતી હતી ત્યાં તે બલિ આપતો હતો. તે સમયથી નાગબલિ શરૂ થયો. પ્રયાગની ઉત્તરે થઇ, કાશીની દક્ષિણે થઇ, કોઇક સ્થળે વિન્ધ્યમાં થઈ, મગધ જનપદની ઉત્તરે અને અંગ જનપદની દક્ષિણે થઈ, હજારો નદીઓ વડે વૃદ્ધિ પામતી ગંગાને તેણે સાગરમાં ઉતારી. ત્યાં ગંગાસાગર નામનું તીર્થ થયું. જહ્નુએ તેને પૂર્વે ખેંચી હતી, તેથી તે નદી જાહ્નવી કહેવાય છે. પછી ભાગીરથિએ ખેંચી તેથી ભાગીરથી કહેવાય છે. ગંગા મહાનદીને સાગરમાં ઉતારીને ભાગીરથિ સાકેત નગર ગયો, અને સગર ચક્રવર્તીને કહ્યું કે, ''મેં ગંગાને સાગરમાં ઉતારી છે.'' ગાથા-

ततो अव्वत्तगं पुत्तं, भागीरहि भरहसामियं ठविय।
पव्वज्जमब्भुवगतो अजियजिणिंदस्स पासम्मि ।।

(અર્થાત્ પછી નાના પુત્ર ભાગીરથિને ભરતના સ્વામી તરીકે સ્થાપિત કરીને સગરે શ્રી અજિતનાથ જિનેશ્વર પાસે દીક્ષા લીધી)

સગર રાજાના પુત્રોએ ભેદી નાખ્યું હતું, તેથી તે ભવન (અમારું ભવન) ''સાગરભિન્ન'' (સગરના પુત્રો વડે ભેદાયેલું) કહેવાય છે.

ત્યાં હું જ્વલનપ્રભ નાગની ભાર્યા તરીકે ઉત્પન્ન થઈ. મારો પુત્ર આ એણીપુત્ર રાજા ઉદ્યાનમાં મારું આયતન કરાવીને, ત્યાં મારી મૂર્તિ સ્થાપિત કરીને દરરોજ ગંધ, માલ્ય અને ધૂપ વડે પૂજા કરે છે. હું પણ પૂર્વસ્નેહથી સાન્નિધ્ય કરતી તેને ઇચ્છિત ભોગો આપું છું.

પછી પુત્રીની ઇચ્છાવાળો તે કોઈ એક વાર અઠ્ઠમભક્તથી મને આરાધીને કહેવા લાગ્યો, ''મને પુત્રી આપ.'' સંભ્રાન્ત થયેલી હું 'તેને પુત્રી કેવી રીતે થાય ?' એનો વિચાર કરવા લાગી.

એ સમયે નાગરાજ ધરણ અષ્ટાપદ પર્વત ઉપર જતો હતો. અમે પણ ત્યાં ગયાં અને ધર્માચાર્યો-શાન્ત અને પ્રશાન્ત નામે અણગારો જેઓ અવધિજ્ઞાની હતા તેમને વિનય પૂર્વક વંદન કર્યાં અને ત્યાં અમે સંશયો પૂછવા લાગ્યાં. હવે નાગરાજ ધરણે તે ભગવંતોને પૂછયું, ''હું સુલભ બોધિવાળો છું કે દુર્લભ બોધિવાળો ? અહીંથી ઉદ્વર્તિત થઈને હું કયાં પેદા થઈશ ?'' એટલે તેઓએ નાગરાજ ધરણને કહ્યું, ''તું આ ઇન્દ્રપણાથી ઉદ્વર્તિત થઈને ઐરવત વર્ષમાં અવસર્પિણીમાં ચોવીસમો તીર્થંકર થઈશ. અલ્લા, અક્કા, સતેરા, સૌત્રામણિ, ઇન્દ્રા અને ઘનવિદ્યુતા એ તારી જે છ અગ્રમહિષીઓ છે તેમાંની અલ્લા સિવાય બાકીની પાંચ તારા ગણધર થશે. તેઓ પૈકી એક દેવી અલ્લા આજથી સાતમે દિવસે ઉદ્વર્તિત થઈને આ ભારતવર્ષમાં એણીપુત્ર રાજાની પુત્રી થશે. અર્ધભરતના સ્વામી (કૃષ્ણ)ના પિતા સાથે ભોગો ભોગવીને, સંયમ સ્વીકારીને તે સિદ્ધિમાં જશે.''

એ સાંભળીને સન્તુષ્ટ થયેલો નાગરાજ ધરણ દેવીઓની સાથે જે પ્રમાણે આવ્યો હતો તે પ્રમાણે પાછો ગયો.

7

।। आदिपुराण ।।

प्रास्ताविक :

आदिपुराण संस्कृत-साहित्य का एक अनुपम रत्न है। इसके कर्ता जिनसेनाचार्य हैं। ऐसा कोई विषय नहीं है जिसका इसमें प्रतिपादन न हो। यह पुराण है, महाकाव्य है, धर्मकथा है, धर्मशास्त्र है, राजनीतिशास्त्र है, आचारशास्त्र है, और युग की आद्यव्यवस्था को बतलाने वाला महान् इतिहास है।

*** विषय-वस्तु :**

युग के आदिपुरुष श्री भगवान् ऋषभदेव और उनके प्रथम पुत्र सम्राट् भरत चक्रवर्ती आदिपुराण के प्रधान नायक हैं। इन्हीं से सम्पर्क रखने वाले अन्य कितने ही महापुरुषों की कथाओं का भी इसमें समावेश हुआ है। प्रत्येक कथानायक का चरित्र-चित्रण इतना सुन्दर हुआ है कि वह यथार्थता की परिधि को न लाँघता हुआ भी हृदयग्राही मालूम होता है। हरे-भरे वन, वायु के मन्द-मन्द झकोरे से थिरकती हुई पुष्पित-पल्लवित लताएँ, कलकल करती हुइ सरिताएँ, प्रफुल्ल कमलोद्भासित सरोवर, उत्तुंग गिरिमालाएँ, पहाड़ी, निर्झर, बिजली से शोभित श्यामल घनघटाएँ, चहकते हुए पक्षी, प्राची में सिन्दूररस की अरुणिमा को बिखेरने वाला सूर्योदय और लोक-लोचनाऽह्लादकारी चन्द्रोदय आदि प्राकृतिक पदार्थों का चित्रण कवि ने जिस चातुर्य पूर्वक किया है वह हृदय में भारी आह्लाद की अनुभूति कराता है।

तृतीय पर्व में चौदहवें कुलकर श्री नाभिराज के समय गगनांगण में सर्वप्रथम घनघटा छायी हुई दिखती है, उसमें बिजली चमकती है, मन्द-मन्द गर्जना होती है, सूर्य की सुनहरी रश्मियों के सम्पर्क से उसमें रंग-बिरंगे इन्द्रधनुष्य दिखायी देते हैं, कभी मध्यम और कभी तीव्र वर्षा होती है, पृथ्वि जलमय हो जाती है, मयूर नृत्य करने लगते हैं, चिरसन्तप्त चातक सन्तोष की साँस लेते हैं, और प्रकृष्ट वारिधारा वसुधातल में व्याकीर्ण हो जाती है। इस प्राकृतिक सौन्दर्य का वर्णन कवि ने जिस सरसता और सरलता के साथ किया है वह एक अध्ययन की वस्तु है। अन्य कवियों के काव्य में आप यही बात क्लिष्ट-बुद्धिगम्य शब्दों से परिवेष्टित पाते हैं और इसी कारण स्थूलपरिधान से आवृत कामिनी के सौन्दर्य की भाँति वहाँ प्रकृति का सौन्दर्य अपने रूप में प्रस्फुटित नहीं हो पाता है, परन्तु यहाँ कवि के सरल शब्द-विन्यास से प्रकृति की प्राकृतिक सुषमा परिधानावृत नहीं हो सकी है बल्कि सूक्ष्म...महीन वस्त्रावलि से सुशोभित किसी सुन्दरी के गात्र की अवदात आभा की भाँति अत्यन्त प्रस्फुटित हुई है।

श्रीमती और वज्रजंघ के भोगोपभोगों का वर्णन भोगभूमि की भव्यता का व्याख्यान, मरुदेवी के गात्र की गरिमा, भगवान् ऋषभदेव के जन्म-कल्याणक का दृश्य, अभिषेककालीन जल का विस्तार, क्षीरसमुद्र

Adipuran Vol. III Ch. 12-A, Pg. 708-715

का सौन्दर्य, भगवान् की बाल्य-क्रीडा, पिता नाभिराज की प्रेरणा से यशोदा और सुनन्दा के साथ विवाह करना, राज्यपालन, नीलांजना के विलय का निमित्त पाकर चार हजार राजाओं के साथ दीक्षा धारण करना, छह माह का योग समाप्त होने पर आहार के लिए लगातार छह माह तक भ्रमण करना, हस्तिनापुर में राजा सोमप्रभ और श्रेयांस के द्वारा इक्षुरस का आहार दिया जाना, तपोलीनता, नमि-विनमि की राज्य प्रार्थना, समूचे सर्ग में व्याप्त नानावृत्तमय विजयार्धगिरि की सुन्दरता, भरत और बाहुबली का महायुद्ध, सुलोचना का स्वयंवर, जय-कुमार और अर्ककीर्ति का अद्‌भुत युद्ध, आदि-आदि विषयों के सरस सालंकार-प्रवाहान्वित वर्णन में कवि ने जो कमाल किया है उससे पाठक का हृदय-मयूर सहसा नाच उठता है। बरबस मुख से निकलने लगता है—धन्य महाकवि धन्य ! गर्भकालिक वर्णन के समय षट् कुमारिकाओं और मरुदेवी के बीच प्रश्नोत्तर रूप में कवि ने जो प्रहेलिका तथा चित्रालंकार की छटा दिखलायी है वह आश्चर्य में डालने वाली वस्तु है।

यदि आचार्य जिनसेन स्वामी भगवान् का स्तवन करने बैठते हैं तो इतने तन्मय हुए दिखते हैं कि उन्हें समय की अवधि का भी भान नहीं रहता और एक-दो नहीं अष्टोत्तर हजार नामों से भगवान् का विशद सुयश गाते हैं। उनके ऐसे स्तोत्र आज सहस्त्रनाम स्तोत्र के नाम से प्रसिद्ध हैं। वे समवसरण का वर्णन करते हैं तो पाठक और श्रोता दोनों को ऐसा विदित होने लगता है मानो हम साक्षात् समवसरण का ही दर्शन कर रहे हैं। चतुर्भेदात्मक ध्यान के वर्णन से पूरा सर्ग भरा हुआ है। उसके अध्ययन से ऐसा लगने लगता है कि मानो अब मुझे शुक्लध्यान होने वाला ही है और मेरे समस्त कर्मों की निर्जरा होकर मोक्ष प्राप्त हुआ ही चाहता है। भरत चक्रवर्ती की दिग्विजय का वर्णन पढ़ते समय ऐसा लगने लगता है कि जैसे मैं गंगा, सिन्धु, विजयार्ध, वृषभाचल हिमाचल आदि का प्रत्यक्ष अवलोकन कर रहा हूँ।

भगवान् आदिनाथ जब ब्राह्मी, सुन्दरी-पुत्रियों और भरत, बाहुबली आदि को लोककल्याणकारी विविध विद्याओं की शिक्षा देते हैं तब ऐसा प्रतीत होता है मानो एक सुन्दर विद्यामन्दिर है और उसमें शिक्षक के स्थान पर नियुक्त भगवान् ऋषभदेव शिष्य-मण्डली के लिए शिक्षा दे रहे हों। कल्पवृक्षों के नष्ट हो जाने से त्रस्त मानव-समाज के लिए जब भगवान् सान्त्वना देते हुए षट्कर्म की व्यवस्था भारत-भूमि पर प्रचारित करते हैं, देश-प्रदेश, नगर, स्व और स्वामी आदि का विभाग करते हैं तब-तब ऐसा जान पड़ता है कि भगवान् संत्रस्त मानव-समाज का कल्याण करने के लिए स्वर्ग से अवतीर्ण हुए दिव्यावतार ही हैं। गर्भान्वय, दीक्षान्वय, कर्त्रन्वय आदि क्रियाओं का उपदेश देते हुए भगवान् जहाँ जनकल्याणकारी व्यवहार-धर्म का प्रतिपादन करते हैं वहाँ संसार की ममता-माया से विरक्त कर इस मानव को परम निवृति की ओर जाने का भी उन्होंने उपदेश दिया है। सम्राट् भरत दिग्विजय के बाद आश्रित राजाओं की जिस राजनीति का उपदेश करते हैं वह क्या कम गौरव की बात है ? यदि आज के जननायक उस नीति को अपनाकर प्रजा का पालन करें तो यह निःसन्देह कहा जा सकता है कि सर्वत्र शान्ति छा जाये और अशान्ति के काले बादल कभी के क्षत-विक्षत हो जायें। अन्तिम पर्वों में गुणभद्राचार्य ने जो श्रीपाल आदि का वर्णन किया है उसमें यद्यपि कवित्व की मात्रा कम है तथापि प्रवाहबद्ध वर्णन-शैली पाठक के मन को विस्मय में डाल देती है। कहने का तात्पर्य यह है कि श्री जिनसेन स्वामी और उनके शिष्य गुणभद्राचार्य ने इस महापुराण के निर्माण में जो कौशल दिखाया है वह अन्य कवियों के लिए ईर्ष्या की वस्तु है। यह महापुराण समस्त जैनपुराण-साहित्य का शिरोमणि है। इसमें सभी अनुयोगों का विस्तृत वर्णन है। आचार्य जिनसेन से उत्तरवर्ती ग्रन्थकारों ने इसे बड़ी श्रद्धा की दृष्टि से देखा है जो आगे चलकर आर्ष नाम से प्रसिद्ध हुआ और जगह-जगह 'तदुक्तं आर्षे' इन शब्दों के साथ इसके श्लोक उद्‌धृत मिलते हैं। इसके प्रतिपाद्य

विषय को देखकर यह दृढ़ता पूर्वक कहा जा सकता है कि जो अन्यत्र ग्रन्थों में प्रतिपादित है वह इसमें प्रतिपादित है और जो इसमें प्रतिपादित नहीं है, वह अन्यत्र कहीं भी प्रतिपादित नहीं है।

*** कथानायक :**

महापुराण के कथानायक त्रिषष्टिशलाकापुरुष हैं। २४ तीर्थंकर, १२ चक्रवर्ती, ९ बलभद्र, ९ नारायण और ९ प्रतिनारायण-ये त्रेसठ 'शलाकापुरुष' कहलाते हैं। इनमें से आदिपुराण में प्रथम तीर्थंकर श्री ऋषभनाथ और उनके पुत्र प्रथम चक्रवर्ती भरत का ही वर्णन हो पाया है। अन्य पुरुषों का वर्णन गुणभद्राचार्य प्रणीत उत्तरपुराण में हुआ है। आचार्य जिनसेन स्वामी ने जिस रीति से प्रथम तीर्थंकर और भरत चक्रवर्ती का वर्णन किया है, यदि वह जीवित रहते और उसी रीति से अन्य कथानायकों का वर्णन करते तो यह महापुराण संसार के समस्त पुराणों तथा काव्यों से महान् होता। श्री जिनसेनाचार्य के देहावसान के बाद गुणभद्राचार्य ने अवशिष्ट भाग को अत्यन्त संक्षिप्त रीति से पूर्ण किया है परन्तु संक्षिप्त रीति से लिखने पर भी उन्होंने सारपूर्ण समस्त बातों का समुल्लेख कर दिया है। वह एक श्लाघनीय समय था कि जब शिष्य अपने गुरुदेव के द्वारा प्रारब्ध कार्य को पूर्ण करने की शक्ति रखते थे।

भगवान् ऋषभदेव इस अवसर्पिणी काल के चौबीस तीर्थंकरों में आद्य तीर्थंकर थे। तृतीय काल के अन्त में जब भोगभूमि की व्यवस्था नष्ट हो चुकी थी और कर्मभूमि की रचना प्रारम्भ हो रही थी, तब उस सन्धिकाल में अयोध्या के अन्तिम मनु-कुलकर श्री नाभिराज के घर उनकी पत्नी मरुदेवी से इनका जन्म हुआ था । आप जन्म से ही विलक्षण प्रतिभा के धारक थे। कल्पवृक्षों के नष्ट हो जाने के बाद बिना बोये धान से लोगों की आजीविका होती थी; परन्तु कालक्रम से जब वह धान भी नष्ट हो गया तब लोग भूख-प्यास से अत्यन्त क्षुभित हो उठे और सब नाभिराज के पास पहुँचकर 'त्राहि-त्राहि' करने लगे। नाभिराज शरणागत प्रजा को भगवान् ऋषभनाथ के पास ले गये। लोगों ने अपनी करुण-कथा उनके समक्ष प्रकट की। प्रजाजनों की विह्वल दशा देखकर भगवान् की अन्तरात्मा द्रवीभूत हो उठी। उन्होंने उसी समय अवधिज्ञान से विदेहक्षेत्र की व्यवस्था का स्मरण कर इस भरतक्षेत्र में वही व्यवस्था चालू करने का निश्चय किया। उन्होंने असि (सैनिक कार्य), मसि (लेखन कार्य), कृषि (खेती), विद्या (संगीत-नृत्यगान आदि), शिल्प (विविध वस्तुओं का निर्माण) और वाणिज्य (व्यापार) -इन छह कार्यों का उपदेश दिया तथा इन्द्र के सहयोग से देश, नगर, ग्राम आदि की रचना करवायी। भगवान् के द्वारा प्रदर्शित छह कार्यों से लोगों की आजीविका चलने लगी। कर्मभूमि प्रारम्भ हो गयी। उस समय की सारी व्यवस्था भगवान् ऋषभदेव ने अपने बुद्धिबल से की थी, इसलिए वह आदि-पुरुष, ब्रह्मा, विधाता आदि संज्ञाओं से व्यवहृत हुए।

नाभिराज की प्रेरणा से उन्होंने कच्छ, महाकच्छ राजाओं की बहनों यशस्वती और सुनन्दा के साथ विवाह किया। नाभिराज के महान् आग्रह से राज्य का भार स्वीकृत किया। आपके राज्य से प्रजा अत्यन्त सन्तुष्ट हुई। कालक्रम से यशस्वती की कूख से भरत आदि १०० पुत्र तथा ब्राह्मी नामक पुत्री हुई और सुनन्दा की कूख से बाहुबली पुत्र तथा सुन्दरी नामक पुत्री उत्पन्न हुई। भगवान् ऋषभदेव ने अपने पुत्र-पुत्रियों को अनेक जनकल्याणकारी विद्याएँ पढ़ायी थीं जिनके द्वारा समस्त प्रजा में पठन-पाठन की व्यवस्था का प्रारम्भ हुआ था।

नीलांजना का नृत्य-काल में अचानक विलीन हो जाना भगवान् के वैराग्य का कारण बन गया। उन्होंने बड़े पुत्र भरत को राज्य तथा अन्य पुत्रों को यथायोग्य स्वामित्व देकर प्रव्रज्या धारण कर ली। चार हजार अन्य राजा भी उनके साथ प्रव्रजित हुए थे परन्तु वे क्षुधा, तृषा आदि की बाधा न सह सकने के कारण कुछ ही दिनों में भ्रष्ट हो गये। भगवान् ने प्रथमयोग छह माह का लिया था। छह माह समाप्त होने के बाद वे आहार के लिए निकले, परन्तु उस समय लोग, मुनियों को आहार किस प्रकार दिया जाता है, यह नहीं जानते थे। अतः

विधि से न मिलने के कारण आपको छह माह तक भ्रमण करना पड़ा। आपका यह विहार अयोध्या से उत्तर की ओर हुआ और आप चलते-चलते हस्तिनापुर जा पहुँचे। वहाँ के तत्कालीन राजा सोमप्रभ थे। उनके छोटे भाई का नाम श्रेयांस था। इस श्रेयांस का भगवान् ऋषभदेव के साथ पूर्वभव का सम्बन्ध था। वज्रजंघ की पर्याय में यह उनकी श्रीमती नाम की स्त्री था। उस समय इन दोनों ने एक मुनिराज के लिए आहार दिया था। श्रेयांस को जाति-स्मरण होने से वह सब घटना स्मृत हो गयी। इसलिए उसने भगवान् को देखते ही पडगाह लिया और इक्षुरस का आहार दिया। वह आहार वैशाख सुदी तृतीया को दिया गया था तभी से इसका नाम 'अक्षयतृतीया' प्रसिद्ध हुआ। राजा सोमप्रभ, श्रेयांस तथा उनकी रानियों का लोगों ने बड़ा सम्मान किया। आहार लेने के बाद भगवान् वन में चले जाते थे और वहाँ के स्वच्छ वायु-मण्डल में आत्मसाधना करते थे। एक हजार वर्ष के तपश्चरण के बाद उन्हें दिव्यज्ञान-केवलज्ञान प्राप्त हुआ। अब वे सर्वज्ञ हो गये, संसार के प्रत्येक पदार्थ को स्पष्ट जानने लगे।

उनके पुत्र भरत प्रथम चक्रवर्ती हुए। उन्होंने चक्ररत्न के द्वारा षट्खण्ड भरतक्षेत्र को अपने अधीन किया और राजनीति का विस्तार करके आश्रित राजाओं को राज्य-शासन की पद्धति सिखलायी। उन्होंने ही ब्राह्मण वर्ण की स्थापना की। ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य और शुद्र ये चार वर्ण इस भारत में प्रचलित हुए। इसमें क्षत्रिय, वैश्य और शूद्र ये तीन वर्ण आजीविका के भेद से निर्धारित किये गये थे और ब्राह्मण व्रती के रूप में स्थापित हुए थे। सब अपनी-अपनी वृत्ति का निर्वाह करते थे, इसलिए कोई दुःखी नहीं था।

भगवान् ऋषभदेव ने सर्वज्ञ दशा में दिव्य ध्वनि के द्वारा संसार के भूले-भटके प्राणियों को हित का उपदेश दिया। उनका समस्त आर्यखण्ड में विहार हुआ था। आयु के अन्तिम समय वे कैलास पर्वत पर पहुँचे और वहीं से उन्होंने निर्वाण प्राप्त किया। भरत चक्रवर्ती यद्यपि षट्खण्ड पृथ्वि के अधिपति थे, फिर भी उसमें आसक्त नहीं रहते थे। यही कारण था कि जब उन्होंने गृहवास से विरक्त होकर प्रव्रज्या-दीक्षा धारण की तब अन्तर्मुहूर्त में ही उन्हें केवलज्ञान हो गया था। केवलज्ञानी भरत ने भी आर्य देशों में विहार कर समस्त जीवों को हित का उपदेश दिया और आयु के अन्त में निर्वाण प्राप्त किया।

*** भगवान् ऋषभदेव और भरत का जैनेतर पुराणादि में उल्लेख :**

भगवान् ऋषभदेव और सम्राट् भरत ही आदिपुराण के प्रमुख कथानायक हैं। उनका वर्तमान पर्याय-सम्बन्धी संक्षिप्त विवरण उपर लिखे अनुसार है। भगवान् ऋषभदेव और सम्राट् भरत इतने अधिक प्रभावशाली पुण्य पुरुष हुए हैं कि उनका जैनग्रन्थों में तो उल्लेख आता ही है, उसके सिवाय वेद के मन्त्रों, जैनेतर पुराणों, उपनिषदों आदि में भी उल्लेख मिलता है। भागवत में भी मरुदेवी, नाभिराय, ऋषभदेव और उनके पुत्र भरत का विस्तृत विवरण दिया है। यह दूसरी बात है कि वह कितने ही अंशों से भिन्न प्रकार से दिया गया है। इस देश का भारत नाम भी भरत चक्रवर्ती के नाम से ही प्रसिद्ध हुआ है।

निम्नांकित' उद्धरणों से हमारे उक्त कथन की पुष्टि होती है—

''अग्निध्रसूनोर्नाभिस्तु ऋषभोऽभूत् सुतो द्विजः। ऋषभाद् भरतो जज्ञे वीरः पुत्रशताद् वरः।।३९।।
सोऽभिषिच्यर्षभः पुत्रं महाप्राव्राज्यमास्थितः। तपस्तेपे महाभागः पुलहाश्रमसंशयः।।४०।।
हिमाह्वं दक्षिणं वर्ष भरताय पिता ददौ। तस्मात्तु भारतं वर्ष तस्य नाम्ना महात्मनः''।। ४१।।

-मार्कण्डेयपुराण, अध्याय ४०

''हिमाह्वयं तु यद्वर्षं नाभेरासीन्महात्मनः। तस्यर्षभोऽभवत्पुत्रो मरुदेव्या महाद्युतिः।।३७।।
ऋषभाद् भरतो जज्ञे वीरः पुत्रः शताग्रजः। सोऽभिषिच्यर्षभः पुत्रं भरतं पृथिवीपतिः''।।३८।।

- कूर्मपुराण, अध्याय ४१

''जरामृत्युभयं नास्ति धर्माधमौ युगादिकम्। नाधर्मं मध्यमं तुल्या हिमादेशात्तु नाभितः।।१०।।
ऋषभो मरुदेव्यां च ऋषभाद् भरतोऽभवत्। ऋषभोदात्तश्रीपुत्रे शाल्यग्रामे हरिं गतः।।११।।
भरताद् भारतं वर्ष भरतात् सुमतिस्त्वभूत्।।''

-अग्निपुराण, अध्याय १०

नाभिस्स्वजनयत्पुत्रं मरुदेव्या महाद्युतिः। ऋषभं पार्थिवश्रेष्ठं सर्वक्षत्रस्य पूर्वजम्।। ४०।।
ऋषभाद् भरतो जज्ञे वीरः पुत्रशताग्रजः। सोऽभिषिच्याथ भरतं पुत्रं प्रावाज्यमास्थितः।।४१।।
हिमाह्वं दक्षिणं वर्षं भरताय न्यवेदयत्। तस्माद् भारतं वर्ष तस्य नाम्ना विदुर्बुधाः।।४२।।

-वायुमहापुराण पूर्वार्ध, अध्याय ३३

''नाभिस्त्वजनयत् पुत्रं मरुदेव्या महाद्य तिम्।।५९।।
ऋषभं पार्थिवं श्रेष्ठं सर्वक्षत्रस्य पूर्वजम्। ऋषभाद् भरतो जज्ञे वीरः पुत्रशताग्रजः।।६०।।
सोऽभिषिच्यर्षभः पुत्रं महाप्राव्राज्यमास्थितः। हिमाह्वं दक्षिणं वर्ष तस्य नाम्ना बिदुर्बुधाः।। ६१।।''

-ब्रह्माण्डपुराण पूर्वार्ध, अनुषङ्गःपाद, अध्याय १४

''नाभिर्मरूदेव्यां पुत्रमजनयत् ऋषभनामानं तस्य भरतः पुत्रश्च तावदग्रजः तस्य भरतस्य पिता ऋषभः हेमाद्रेर्दक्षिणं वर्ष महद् भारतं नाम शशास।''

- वाराहपुराण, अध्याय ७४

''नाभेर्निसर्ग वक्ष्यामि हिमांकेडस्मिन्निबोधत। नाभिस्त्वजनयत् पुत्रं मरुदेव्यां महामतिः।।१९।।
ऋषभं पार्थिवश्रेष्ठं सर्वक्षत्रस्य पूजितम्। ऋषभाद् भरतो जज्ञे वीरः पुत्रशताग्रजः।।२०।।
सोऽभिषिच्याथ ऋषभो भरतं पुत्रवत्सलः। ज्ञानं वैराग्यमाश्रित्य जित्वेन्द्रियमहोरगान्।।२१।।
सर्वात्मनात्मन्यास्थाप्य परमात्मानमीश्वरम्। नग्नो जटो निराहारोऽचीरी ध्वान्तगतो हि सः।।२२।।
निराशस्त्यक्तसंदेहः शैवमाप परं पदम्। हिमाद्रेर्दक्षिणं वर्ष भरताय न्यवेदयत्।। २३।।
तस्मातु भारतं वर्ष तस्य नाम्ना विदुर्बुधाः।''

-लिङ्गपुराण, अध्याय ४७

''न ते स्वस्ति युगावस्था क्षेत्रेष्वष्टसु सर्वदा। हिमाह्वयं तु वै वर्ष नाभेरासीन्महात्मनः।।२७।।
तस्यर्षभोऽभवत्पुत्रो मरुदेव्यां महाद्युतिः। ऋषभाद्भरतो जज्ञे ज्येष्ठः पुत्रशतस्य सः।।२८।।''

- विष्णुपुराण, द्वितीयांश, अध्याय १

''नाभेः पुत्रश्चय ऋषभः ऋषभाव् भरतोऽभवत्। तस्य नाम्ना त्विदं वर्ष भारतं चेति कीर्त्यते।।५७।।''

-स्कन्धपुराण, माहेश्वरखण्ड, कौमारखण्ड, अध्याय ३७

*** भगवान् ऋषभदेव और ब्रह्मा :**

लोक में ब्रह्मा नाम से प्रसिद्ध जो देव है वह जैन-परम्परानुसार, भगवान् ऋषभदेव को छोड़कर दूसरा नहीं है। ब्रह्मा के अन्य अनेक नामों में निम्नलिखित नाम अत्यन्त प्रसिद्ध हैं :

हिरण्यगर्भ, प्रजापति, लोकेश, नाभिज, चतुरानन, स्रष्टा, स्वयम्भू । इनकी यथार्थ संगति भगवान् ऋषभदेव के साथ ही बैठती है। जैसे :

हिरण्यगर्भ – जब भगवान् माता मरूदेवी के गर्भ में आये थे, उसके छह माह पहले से अयोध्या नगर में हिरण्य-सुवर्ण तथा रत्नों की वर्षा होने लगी थी, इसलिए आपका हिरण्यगर्भ नाम सार्थक है।

प्रजापति – कल्पवृक्षों के नष्ट हो जाने के बाद असि, मसि, कृषि आदि छह कर्मों का उपदेश देकर आपने ही प्रजा की रक्षा की थी, इसलिए आप प्रजापति कहलाते थे।

लोकेश – समस्त लोक के स्वामी थे, इसलिये लोकेश कहलाते थे।

नाभिज – नाभिराज नामक चौदहवें मनु से उत्पन्न हुए थे, इसलिए नाभिज कहलाते थे।

चतुरानन – समवसरण में चारों ओर से आपका दर्शन होता था, इसलिए आप चतुरानन कहे जाते थे।

स्रष्टा – भोगभूमि नष्ट होने के बाद देश, नगर आदि का विभाग, राजा, प्रजा, गुरू, शिष्य आदि का व्यवहार, विवाह-प्रथा आदि के आप आद्य प्रवर्तक थे, इसलिए स्रष्टा कहे जाते थे।

स्वयंभू – दर्शन-विशुद्धि आदि भावनाओं से अपने आत्मा के गुणों का विकास कर स्वयं ही आद्य तीर्थंकर हुए थे, इसलिए स्वयंभू कहलाते थे।

8
।। आदिपुराण ।।

प्रास्ताविक :

श्री जिनसेनाचार्य रचित महापुराण का आदि अंग आदिपुराण है। उसमें प्रथम तीर्थंकर श्री ऋषभदेव और उनके प्रथम पुत्र भरत चक्रवर्ती के जीवनचरित्र का वर्णन किया गया है। अत्र निर्दिष्ट आदिपुराण के सैंतालीसवें पर्व के श्लोकों में भरत चक्रवर्ती श्री ऋषभदेव भगवान् को कैलास पर्वत पर वंदन करने के लिए आते हैं। ऐसे उल्लेख प्राप्त होते हैं। यहाँ अष्टापद को कैलास पर्वत के रूप में दर्शाया गया है ।

तद्धूयं संसृतेर्हेतुं परित्यज्य गृहाश्रमम्। दोषदुःखजरामृत्युपापप्रार्य भयावहं ।।३१३।। शक्तिमन्तस्समासन्नविनेया विदितागमाः। गुप्त्यादिषड्विधं सम्यगनुगत्य यथोचितं ।।३१४।। प्रोक्तोपेक्षादिभेदेषु वीतरागादिकेषु च। पुलकादिप्रकारेषु व्यपेतागारकादिषु ।।३१५।। प्रमत्तादिगुण-स्थानविशेषेषु च सुस्थिताः। निश्चव्यवहारोक्तमुपाध्वं मोक्षमुत्तमम् ।।३१६।। तथा गृहाश्रमस्थाश्च सम्यग्दर्शनपूर्वकं। दानशीलोपवासार्हदादिपूजोपलक्षिताः ।।३१७।। आश्रितैकादशोपासकव्रताः सुशुमाशयाः। संप्राप्तपरमस्थानसप्तकाः संतु धीधनाः ।।३१८।। इति सत्ततत्त्वसंदर्भगर्भवाग्विभवात्प्रभों। ससभोभरताधीशः सर्वमेवममन्यत ।।३१९।। त्रिज्ञाननेत्रसम्यक्त्व-शुद्धिभाग्देशसंयतः। स्त्रष्टारमभिवंद्यायात्कैलासान्नगरोत्तमम् ।।३२०।। जगत्त्रितयनाथोऽपि धर्मक्षेत्रेष्वनारतं। उप्त्वा सद्धर्मबीजानि न्यषिंचद्धर्मवृष्टिभिः ।।३२१।। सतां सत्फलसंप्राप्त्यै विहरन्स्वगणैः समं। चतुर्दशदिनो-

---

दोष, दुःख, बुढापा, मरण और पाप भरे हुये हैं और जो भयानक हैं ऐसे इस गृहस्थाश्रम को, छोड़ो ।।३१३।। तुम लोग भक्तिमान हो, निकट भव्य हो और आगम वा शास्त्रों को अच्छी तरह जानते हो इसलिह अपनी अपनी योग्यतानुसार गुप्ति, समिति, धर्म अनुप्रेक्षा, परिषहजय और चारित्र इन छहों को अच्छी तरह पालन करो ।।३१४।। उपेक्षा संयम और वीतराग संयम को पालन करनेवाले जो मुनि हैं तथा पुलाक, बकुश, कुशील, निर्ग्रन्थ, स्नातक आदि जो मुनियों के भेद हैं, उनमें से किसी एक अवस्था को धारण करो ।।३१५।। तथा प्रमत्त आदि जो उच्च गुणस्थान हैं उनमें अनुक्रम से निवास करो और इस तरह निश्चय तथा व्यवहार दो प्रकार के कहे हुये मोक्ष का सेवन करो अर्थात् दोनों तरह की मोक्ष प्राप्त करो ।।३१६।। इसी तरह जो गृहस्थाश्रम में रहनेवाले हैं, वे दान, शील, उपवास, और अरहंतादि परमेष्ठियों की पूजा करें ।।३१७।। शुभ परिणामों से श्रावकों की कही हुई ग्यारह प्रतिमाओं का पालन करें और वे ही बुद्धिमान सातों परमस्थानों को प्राप्त हों ।।३१८।। इस तरह भरतेश्वर ने तत्त्वों की रचना से भरी हुई भगवान की बचन रूपी विभूति सुनी और उसे सुनकर सब सभा के साथ-साथ ज्योंका त्यों माना अर्थात् उनपर पूर्ण श्रद्धान् किया ।।३१९।। मतिज्ञान, श्रुतज्ञान और अवधिज्ञान इन तीनों ज्ञानरूपी नेत्रों को तथा सम्यग्दर्शन की विशुद्धि को धारण करनेवाला और देशसंयमी महाराज भरत आदि ब्रह्मा श्री ऋषभदेव की वंदना कर कैलासपर्वत से अपने उत्तम अयोध्या नगर को आया ।।३२०।। इधर तीनों लोकों के स्वामी भगवान् ऋषभदेव ने निरन्तर ही धर्मक्षेत्र में सद्धर्म

Adipuran Vol. V Ch. 31-A, Pg. 1946-1952

पेतसहस्त्राब्दोनपूर्वकं ।।३२२।। लक्षं कैलासमासाद्य श्रीसिद्धशिखरांतरे। पौर्णमासीदिने पौषे निरिच्छः समुपाविशत् ।।३२३।। तदा भरतराजेद्रो महामंदरभूधरं। आप्राग्भारं व्यलोकिष्ट स्वप्ने दैर्ध्येण संस्थितं ।।३२४।। तदैव युवराजोऽपि स्वर्गादित्य महौषधिः। द्रुमश्छित्वा नृणां जन्मरोगं स्वर्यान्तमैक्षत ।।३२५।। कल्पद्रुममभीष्टार्थं दत्वा नृभ्यो निरंतरं। गृहेट् निशामयामास स्वर्गप्राप्तिसमुद्यतं ।।३२६।। रत्नद्वीपं जिघृक्षुभ्यो नानारत्नकदंबकं। प्रादायाभ्रगमोद्युक्तमद्राक्षीत्सचिवाग्रिमः ।।३२७।। वज्रपंजरमुद्भिद्य कैलासं गणवैरिणं। उल्लंघयितुमुद्यंतं सेनापतिमपश्यत ।।३२८।। आलुलोके बुधोऽनंतवीर्यः श्रीमान् जयात्मजः। यान्तं त्रैलोक्यमाभास्य सतारं तारकेश्वरं ।।३२९।। यशस्वतीसुनंदाभ्यां सार्द्धं शक्रमनःप्रिया। शोचंती-श्चिरमद्राक्षीत्सुभद्रा स्वप्नगोचरा ।।३३०।। वाराणसीपतिश्चित्रांगदोऽप्यालोकताकुलः। खमुत्पतंतं भास्वंतं प्रकाश्य धरणीतलं ।।३३१।। एवं आलोकितस्वप्ना राजराजपुरस्सराः। पुरोधसं फलं तेषामपृच्छन्नर्यमोदये ।।३३२।। कर्माणि हत्वा निर्मूलं मुनिभिर्बहुभिः समं। पुरोः सर्वेऽपि शंसंति स्वप्नाः स्वर्गाप्रगामितां ।।३३३।। इति स्वप्नफलं तेषां भाषमाणे पुरोहिते। तदैवानंदनामैत्य भर्तुः स्थितिमवेद्यत् ।।३३४।। ध्वनौ भगवता दिव्ये संहृते मुकुलीभवत् ! करांबुजा सभा जाता पूष्णीव सरसीत्यससौ ।।३३५।। तदाकर्णनमात्रेण सत्वरः सर्वसंगतः। चक्रवर्ती तमभ्येत्य त्रिःपरीत्य कृतस्तुतिः ।।३३६।। महामहमहापूजां भक्त्या निरवर्तयन्स्वयं। चतुर्दश दिनान्येवं भगवंतमसेवत ।।३३७।। माघकृष्णचतुर्दश्यां भगवान्

का बीज बोया और धर्मवृष्टि के द्वारा उसे सींचा ।।३२१।। सज्जनों को मोक्षरूप उत्तम फल मिलने के लिये उन्होंने अपने गणधरों के साथ-साथ एक हजार वर्ष और चौदह दिन कम एक लाख पूर्व विहार किया । (उनकी चौरासी लाख पूर्व की आयु थी उसमें से बीस लाख पूर्व कुमार काल के, तिरसठलाख पूर्व राज्य अवस्था के, एक हजार वर्ष तपश्चरण के, एक हजार वर्ष और चौदह दिन कम एक लाख पूर्व विहार के और चौदह दिन योगनिरोध के थे) जब आयु के चौदह दिन बाकी रहे तब योगों का निरोधकर पोष शुक्ल पौर्णमासी के दिन श्रीशिखर और सिद्धशिखर के बीच में कैलास पर्वत पर पद्मासन से विराजमान हुये ।।३२२-३२३।। जिस दिन भगवान् योग निरोधकर कैलास पर विराजमान हुये उसी दिन महाराज भरत ने स्वप्न में देखा कि सुमेरूपर्वत लम्बा होकर सिद्धक्षेत्र तक पहुँच गया है ।।३२४ ।। उसी दिन युवराज अर्ककीर्ति ने भी स्वप्न में देखा कि एक महौषधि का पेड स्वर्ग से आया था और मनुष्यों का जन्म रोग नष्टकर फिर स्वर्ग में चला गया ।।३२५।। उसी दिन गृहपति ने देखा कि एक कल्पवृक्ष लोगों को सदा उनकी इच्छानुसार पदार्थ देता था परन्तु अब वह स्वर्ग जाने के लिये तैयार हुआ है ।।३२६।। मुख्यमंत्री ने स्वप्न में देखा कि एक रत्नद्वीप चाहनेवाले लोगों के लिये अनेक तरह के रत्नसमूह देकर अब आकाश में जाने के लिये तैयार हुआ है ।।३२७।। सेनापतिने देखा कि एक सिंह वज्र के पिंजडे को तोडकर कैलास पर्वत को उल्लंघन करने के लिये तैयार हुआ है ।।३२८।। जयकुमार के पुत्र श्रीमान् बुद्धिमान अनंतवीर्य ने स्वप्न में देखा कि चंद्रमा तीनों लोकों को प्रकाशकर ताराओं सहित जा रहा है ।।३२९।। चक्रवर्ती की रानी सुभद्रा ने स्वप्न में देखा कि श्री ऋषभदेव की रानी यशस्वती और सुनंदा के साथ-साथ बैठी हुई इन्द्राणी बहुत देर तक शोक कर रही है ।।३३०।। बनारस के राजा चित्रांगद ने भी व्याकुल होकर यह स्वप्न देखा कि सूर्य पृथ्वी का प्रकाश कर आकाश की ओर उडा जा रहा है ।।३३१।। इस तरह भरतादि को लेकर सब लोगोंने स्वप्न देखे और सूर्योदय होते ही पुरोहित से उनके फल पूछे ।।३३२।। पुरोहित ने कहा कि ये सब स्वप्न यही सूचित करते हैं कि भगवान् वृषभदेव सब कर्मों को बिल्कुल नाशकर अनेक मुनियों के साथ-साथ मोक्ष पधारेंगे ।।३३३।। पुरोहित इन सब स्वप्नों का फल कह ही रहा था कि इतनेमें ही आनंद नाम का एक मनुष्य आया और उसने भगवान् वृषभदेव की सब हालत कही ।।३३४।। उसने कहा कि जिस प्रकार सूर्य के अस्त हो जाने पर सरोवर के कमल सब मुकुलित हो जाते हैं उसी प्रकार भगवान की दिव्यध्वनि बंद हो जाने पर सब सभा हाथ जोड़े हुये मुकुलित हो रही है ।।३३५।। यह समाचार सुनकर वह चक्रवर्ती बहुत ही शीघ्र सब लोगों के साथ-साथ कैलास पर्वत पर पहुँचा, उसने जाकर भगवान् की तीन प्रदक्षिणायें दीं, स्तुति की, भक्तिपूर्वक अपने हाथ से महामह नाम

भास्करोदये। मुहूर्तेऽभिजिति प्राप्तपल्यंको मुनिभिः समं ।।३३८।। प्राग्दिङमुखस्तृतीयेन शुक्लध्यानेन रुद्धवान्। योगत्रितयमत्येन ध्यानेनाघातिकर्मणां ।।३३९।। पंचहस्वस्वरोच्चारणप्रमाणेन संक्षयं। कालेन विद्धत्प्रांतगुणस्थानमधिष्ठितः ।।३४०।। शरीरत्रितयापाये प्राप्य सिद्धत्वपर्ययं। निजाष्टगुणसंपूर्णः क्षणात्तनुवातकः ।।३४१।। नित्यो निरंजनः किंचिदूनो देहादमूर्तिभाक्। स्थितः स्वसुखसाद्भूतः पश्यन्विश्वमनारतं ।।३४२।। तदाऽऽगत्य सुराः सर्वे; प्रांतपूजाचिकीर्षया। पवित्रं परमं मोक्षसाधनं शुचि निर्मलं ।।३४३।। शरीरं भर्तुरस्येति पराद्ध्यशिबिकार्पितं। अग्नींद्ररत्नभा-भासिप्रोत्तुंङ्गमुकुटोद्भुवा ।।३४४।। चंदनागरु-कर्पूरपारीकामीरजादिभिः। घृतक्षीरादिभिश्चाप्त वृद्धिना हुतभोजिना ।।३४५।। जगद्गृहस्य सौगंध्यं संपाद्याभूतपूर्वकं। तदाकारोपमर्देन पर्यायांतरमानयन् ।।३४६।। अभ्यर्चितामग्निकुंडस्य गंधपुष्पादिभिस्तथा। तस्य दक्षिणभागेऽभूद्गणभृत्संस्क्रियानलः ।।३४७।। तस्यापरस्मिन् दिग्भागे शेषकेवलिकायगः। एवं वन्हित्रयं भूमाववस्थाप्यामरेश्वराः ।।३४८।। ततो भस्म समादाय पंचकल्याणभागिनः। वयं चैवं भवामेति स्वललाटे भुजद्वये ।।३४९।। कंठे हृदयदेशे च तेन संस्पृश्य भक्तितः। तत्पवित्रतमं मत्वा धर्मरागरसाहिताः ।।३५०।। तोषात्सपादयामांसुः संभूयानंदनाटकं। सप्तमोपांसकाद्यास्ते सर्वेऽपि ब्रह्मचारिणः ।।३५१।। गार्हपत्यामिध, पूर्वं परमाहवनीयकं। दक्षिणाग्निं ततो न्यस्य संध्यासु तिसृषु स्वयं ।।३५२।। तच्छिखित्रयसांन्निध्ये चक्रमातपवारणं।

की महापूजा की और इसी तरह चौदह दिन तक भगवान की सेवा की ।।३३६-३३७।। माघकृष्णा चतुर्दशी के दिन सूर्योदय के शुभ मुहूर्त और अभिजित् नक्षत्र में भगवान् वृषभदेव ने पूर्व दिशा की ओर मुँहकर अनेक मुनियों के साथ-साथ पर्यंकासन विराजमान हुये, उन्होंने तीसरे सूक्ष्म-क्रियाप्रतिपाति नाम के शुक्ल ध्यान से मन बचन काय तीनों योगों का निरोध किया और फिर अंत के चौदहवें गुणस्थान में ठहरकर जितनी देर में अ, इ, उ, ऋ, लृ, इन पाँच ह्रस्व अक्षरों का उच्चारण होता है उतने ही समय में चौथे व्युपरत क्रियानिवृत्ति नाम के शुक्लध्यान से वेदनीय, आयु, नाम, गोत्र इन चारों अघाति कर्मों का नाश किया ।।३३८-३४०।। औदारिक, तैजस, कार्मण इन तीनों शरीरों के नाश होनेसे उन्हें सिद्ध पर्याय प्राप्त हुई, सम्यक्त्व ज्ञान, दर्शन, वीर्य, सुख, सूक्ष्मत्व, अव्याबाध और अवगाहनत्व ये निजके आठ गुण पूरे-पूरे प्रकट हो गये, क्षणभर में ही (उसी समय में) तनुवात वलय में जा पहुँचे तथा वहाँ पर नित्य, निरंजन, अपने शरीर से कुछ कम, अमूर्त्त, आत्मा से उत्पन्न हुये सुख में तल्लीन और निरंतर संसार को देखते हुये बिराजमान हुये ।।३४१-३४२ ।। उसी समय मोक्षकल्याण की पूजा करने की इच्छा करते हुये सब देव आये, उन्होंने पवित्र, उत्कृष्ट, मोक्ष का साधन, स्वच्छ और निर्मल ऐसे भगवान के शरीर को बहुमूल्य पालकी में विराजमान किया। तदनन्तर जो अग्निकुमार जाति के देवों के इंद्र के रत्नों की कांति से देदीप्यमान ऐसे बडे भारी मुकुट से उत्पन्न हुई है तथा चँदन, अगर, कपूर, केशर आदि सुगन्धित पदार्थों से और घी दूध आदि से बढाई गई है ऐसी अग्नि से जो पहिले कभी देखने सुनने में नहीं आई ऐसी जगत्रूपी धर की सुगंधी प्रगटकर उस शरीर का पहिला आकार नष्टकर दूसरा आकार बना दिया अर्थात् उसे भस्म कर दिया ।।३४३-३४६।। गँध, पुष्प आदि द्रव्यों से उस अग्निकुंड की पूजा की तथा उसके दाँई ओर गणधर देवों के शरीर का अग्निसंस्कार किया और बाँई ओर तीर्थंकर तथा गणधरों को छोडकर बाकी बचे हुये केवलज्ञानियों के शरीर का अग्निसंस्कार किया। इस तरह इन्द्र ने पृथ्वी पर तीन तरह की वह्नि स्थापित की ।।३४७-३४८।। तदनंतर सब देव और इन्द्रोने बडी भक्ति से जिनके पाँचों कल्याणक हुये हैं ऐसे तीर्थंकर भगवान् वृषभदेव के शरीर की भस्म उठाई और ''हम भी ऐसे हों'' यही सोचकर अपने माथे पर, दोनों भुजाओं में, गले में और छाती पर लगाई । उन्होंने वह भस्म बड़ी ही पवित्र मानी और उसे लगाकर, वे धर्म के रस में डूब गये ।।३४९-३५०।। संतुष्ट होकर सबने मिलकर आनन्द नाटक किया और फिर उन्होंने श्रावकों को उपदेश दिया कि ''तुम लोगों में से सातवें उपासकाध्ययन को पढ़नेवाले जो सात, आठ, नौ दश, ग्यारहवीं प्रतिमा के ब्रह्मचारी हैं उन्हें वे गार्हपत्य, परमाहवनीयक और दक्षिणाग्नि ये तीन अग्निकुण्ड बनाने चाहियें और उनमें सबेरे, दुपहर तथा शाम

जिनेंद्रप्रतिमाचैवास्थाप्य मंत्रपुरत्सरं ।।३५३।। तास्त्रिकालं समभ्यर्च्य गृहस्थैर्विहितादराः। भवतातिथयो यूयमित्याचख्युरुपासकान् ।।३५४।। स्नेहेनेष्टवियोगोत्थः प्रदीप्तः शोकपावकः। तदा प्रबुद्धमप्यस्य चेतोऽधाक्षीदधीशितुः ।।३५५।। गणी वृषभसेनाख्यस्तच्छोकापनिनीषया। प्राक्रंस्त वक्तुं सर्वेषां स्वेषां व्यक्तां भवावलीम् ।।३५६।। जयवर्मा भवे पूर्वे द्वितीयेऽभून्महाबलः तृतीये ललितांगाख्यो वज्रजंधश्चतुर्थके ।।३५७।। पंचमें भोगभूजोऽभूत षष्ठेऽयं श्रीधरोऽमरः। सप्तमे-सुविधिःक्षमाभृदष्टमेऽच्युतनायकः ।।३५८।। नवमे वज्रनाभीशो दशमेऽनुत्तरांत्यजः। ततोऽवतीर्य सर्बेद्रवंदिते वृषभोऽभवत् ।।३५९।। धनश्रीरादिमे जन्मन्यतो निर्णायिकां ततः। स्वयंप्रभा ततस्तस्माच्छ्रीमत्यार्या ततोऽभवत् ।।३६०।। स्वयंप्रभः सुरस्तस्मादस्मादपि च केशवः। ततः प्रतींद्रयस्तस्माच्च धनदत्तोऽहमिंद्रतां ।।३६१।। गतस्ततस्ततः श्रेयान् दानतीर्थस्य नायकः। आश्चर्यपंचकस्यपि प्रथमोऽभूत्प्रवर्तकः ।।३६२।। अतिगृद्धः पुरा पश्चान्नारकोऽनु चमूरकः। दिवाकरप्रभो देवस्तथा मतिवराह्वयः ।।३६३।। ततोऽहमिंद्रस्तस्माच्च सुबाहुरहमिंद्रतां। प्राप्य त्वं भरतो जातः षट्खंडाखंडपालकः ।।३६४।।

इन तीनों संध्याओं में स्वयं इन तीनों अग्नियों की स्थापना करनी चाहिये। उन तीनों अग्नियों के समीप ही चक्र, छत्र तथा श्री जिनेन्द्रदेव की स्थापना करनी चाहिये और तीनों समय मंत्र पूर्वक उनकी पूजा करनी चाहिये। इस तरह गृहस्थों के द्वारा आदर-सत्कार पाते हुये लोग अतिथि बनो। यह सब उपदेश इन्द्रने ब्रह्मचारियों को दिया ।।३५१-३५४।। उस समय इष्ट के वियोग से उत्पन्न हुई और स्नेह से बढ़ी हुई भरत की शोकरूपी अग्नि जग उठी थी और वह उनके प्रबुद्ध हुए चित्त को भी जला रही थी ।।३५५।। तब श्री वृषभसेन गणधर भरत के शोक को दूर करने की इच्छा से अपने सब लोगों के पहिले भव स्पष्ट रीति से कहने लगे ।।३५६।। कि श्री वृषभदेव का जीव पहिले जयवर्मा था, दूसरे जन्म में राजा महाबल हुआ, तीसरे भव में ललितांग देव हुआ और चौथे भव में राजा सुविधि हुआ और आठवें भव में भोगभूमि में उत्पन्न हुआ, छठे में श्रीधर देव हुआ, सातवे में राजा वज्रजंघ हुआ ।।३५७।। पाँचवें भव में भोगभूमि में उत्पन्न हुआ, छठे में श्रीधर देव हुआ, सातवें में राजा सुविधि हुआ, और आठवें भव में अच्युतस्वर्ग का इन्द्र हुआ ।।३५८।। नौवें भव में राजा वज्रनाभि हुआ, दशवें भव में सर्वार्थसिद्धि में अहमिन्द्र हुआ और वहाँ से आकर सब इन्द्रों के द्वारा पूज्य ऐसा श्री वृषभदेव हुआ है ।।३५९।। श्रेयानक जीव पहिले धनश्री था, दूसरे जन्म नें निर्नायिका, तीसरे भव में स्वयंप्रभा देवी, चौथे भव में वज्रजंघ की रानी श्रीमती, पाँचवें भव में भोगभूमि में आर्या, छट्ठे भव में स्वयंप्रभदेव, वहाँ से आकर सातवें भव में राजा सुविधि का पुत्र केशव, आठवें भव में सोलहवें स्वर्ग में प्रतीन्द्र, नौवें भव में वज्रनाभिचक्रवर्ती का गृहपति रत्न धनदत्त और फिर दशवें भव में अहमिन्द्र हुआ ।।३६०-३६१।। वहाँ से आकार दानतीर्थ की प्रवृत्ति करनेवाला और पंचाश्चर्य का स्वामी यह राजा श्रेयान् हुआ ।।३६२।। तेरा जीव पहिले राजा अतिगृद्ध था। दूसरे जन्म में नरक गया, तीसरे भव में सिंह, चौथे में दिवाकरप्रभ नाम का देव और पाँचवें भव में राजा वज्रजंघ का मतिवर नामका मंत्री हुआ था ।।३६३।। छट्ठे भव में अहमिन्द्र, सातवें भव में वज्रनाभि चक्रवर्ती का छोटा भाई सुबाहु हुआ। आठवें भव में अहमिन्द्र पद पाकर नौवें भव में छहों खण्ड पृथ्वी का पालन करनेवाला राजा भरत हुआ है ।।३६४।।

9

।। પુરાણસાર સંગ્રહ ।।

વિગત : ઋષભદેવનું કૈલાસ ઉપર નિર્વાણનો ઉલ્લેખ

પ્રસ્તાવના :

પુરાણસાર સંગ્રહ સકલકીર્તિ ભટ્ટારક કૃત દિગંબર સાહિત્યનો અનુપમ ગ્રંથ છે. તેના પાંચમાં સર્ગમાં ભગવાન ઋષભદેવના જીવન વિષયક માહિતી જોવા મળે છે.

पञ्चमः सर्गः

जिनेन्द्रोऽपि हितं धम्मं प्रजाभ्यो देशयन्महीम्।
तारयंश्च बहून्भव्यान् विजहार निरञ्जनः ।।१।।

आसंश्चतुशीतिश्च गणा 'गणभृतोऽपि च।
तावन्त्येव सहस्राणि मुनीनां मोक्षकाङ्क्षिणाम् ।।२।।

आर्यिकाणां सहस्राणि त्रिंशद् दशगुणानि तु।
तथोक्तानि तु पञ्चाशत्सहस्राणयधिकानि च ।।३।।

श्रावकाणां सहस्राणि त्रिंशद् दशगुणानि तु।
श्राविकाणां प्रमाणं तु सहस्रैः शतपञ्चकैः ।।४।।

ययुः पूर्वसहस्राणि शताभ्यस्तानि विंशतिः।
कौमारेऽतस्त्रयः षष्टिः राज्यस्यैकं च संयमे ।।५।।

उक्तञ्च—

सप्ततिलक्षा कोटिः पट्पञ्चाशत्सहस्रसंयुक्ता।
पूर्वस्य तु प्रमाणं बोद्धव्या वर्षकोटीनाम् ।।६।।
।।७०५६०००००००००।।

नक्षत्रं चोत्तराषाढं माङ्गल्येषु च सप्तसु।
निर्वाणमभिजिद्योगे पुरूदेवस्य पूज्यते ।।७।।

उक्तञ्च—

स्वर्गावतरणं जन्म विवाहराज्याभिषेकनिःक्रमणम्।
केवलबोधो निर्वाणं सप्त च मङ्गलानि पुरोः ।।८।।

Puran Sarsangrah Vol. IV Ch. 22-B, Pg. 1280-1284

अथाऽन्तेऽष्टापदं शैलं देवेन्द्रैर्बहुशोऽर्चितः।
चतुर्विधेन संघेन सहारुह्य जिनेश्वरः ।।९।।

सहस्रैर्दशभिः सार्द्धमृषिभिः सन्निविष्टवान्।
चतुर्दशदिनादूर्ध्वं प्राप्य स्थानं चतुर्दशम् ।।१०।।

पूर्वाह्णे शेषकर्मान्तं कृत्वा लोकं प्रकम्पयन्।
अव्याबाधं सुखं क्षेमं सम्प्रापत्परमं पदम् ।।११।।

ततः सदेविका इन्द्रा आगम्य चतुरष्टकाः।
शरीरमहिमां तस्य महध्यां चक्रुरन्तिमाम् ।।१२।।

उक्तश्च—

दशभवनेन्द्रा द्वादश कल्पेन्द्रा व्यन्तराऽमरेन्द्रास्त्वष्टौ।
ज्योतिष्केन्द्रौ द्वाविति द्वात्रिंशत्सम्मिता इन्द्राः ।।१३।।

राजराजोऽपि तज्ज्ञात्वा स्वप्नैरुक्तः पुरोधसा।
ससैन्यस्तूर्णमागत्य जिनदेहमपूजयंत् ।।१४।।

ततोऽग्रीन्द्रकिरीटस्थचूडामणिजवह्निना।
दग्ध्वा निर्वाप्य तद्देहं गन्धाम्बुकुसुमाक्षतैः ।।१५।।

गणेशामार्षभाणाञ्च चितां संस्कृत्य दक्षिणे।
शेषाणां वामके पार्श्वे त्रीनप्यग्नीन् समर्चयत् ।।१६।।

अथेन्द्रा नृपतीन्द्राय कृत्वा हस्तप्रसारणम्।
आश्वास्याभाष्य मधुरं गणेशस्तं समर्पयन् ।।१७।।

ततो वृषभसेनस्तं विलपन्तं वियोगतः।
अनुशास्ति स्म राजेन्द्रमितिहासमिमं ब्रुवन् ।।१८।।

अस्माकमर्हतश्चापि सम्बन्धं शृणु राजराट्।
चित्रसंसारकान्तारे भवादारब्धमाप्तवान् ।।१९।।

यदासीद् वज्रजङ्घोऽयं भगवानष्टमे भवे।
तदा मतिवरो मन्त्री तस्याभूस्त्वं हिते रतः ।।२०।।

सैन्येशोऽकम्पनो यश्च सोऽयं बाहुबली नृपः।
स्वसा याऽनुन्दरी तस्य सेयं ब्राह्मी तव स्वसा ।।२१।।

योऽभूदानन्दपुरोधा स इह सुन्दरसुन्दरी।
पुत्रा ये वीरबाह्वाद्याः श्रीमत्यास्ते वयं नृपेट् ।।२२।।

वयं कृत्वा तपः सम्यगाराधितचतुष्टयाः।
आद्यग्रैवेयके सर्वे चाहमिन्द्रा बभूविम ।।२३।।

(क्रमशः)

पुराणसार संग्रह : पञ्चम सर्ग (गाथार्थ)

* कर्ममलरहित जिनेन्द्र आदिनाथ भगवान् भी प्रजा के लिए हितकारी धर्म का उपदेश करते हुए तथा बहुतसे भव्यों को तारते हुए पृथ्वि पर विहार करने लगे ।।१।।

* उनके समवशरण में ८४ गण थे तथा चौरासी ही गणधर थे और उतने ही हजार मोक्ष चाहनेवाले मुनि थे। आर्यिका भी तीन लाख पचास हजार थीं। और श्रावक तीन लाख प्रमाण थे। श्राविकाओं की संख्या पाँच लाख थी। भगवान् का बीस लाख पूर्व वर्ष कुमार काल में, तिरेसठ लाख पूर्व वर्ष राज्य-काल में तथा एक लाख पूर्व वर्ष संयम काल में बीता ।।२-५।।

* कहा भी है-सत्तर लाख छप्पन हजार कोड़ाकोडि वर्ष प्रमाण पूर्व होता है ।।६।।

* उत्तराषाढ़ा नक्षत्र में तथा अभिजित् योग में सात मांगल्य युक्त भगवान् के निर्वाण पद की पूजा की गई ।।७।।

* कहा भी है— (१) स्वर्गावतरण, (२) जन्म कल्याणक, (३) विवाह, (४) राज्याभिषेक, (५) दीक्षा कल्याणक, (६) केवलज्ञान कल्याणक और (७) निर्वाण कल्याणक ये सात भगवान् ऋषभदेव के माङ्गल्य हैं ।।८।।

* देवेन्द्रों के द्वारा नाना प्रकार से पूजित वे भगवान् चार प्रकार के संघ सहित कैलाश पर्वत पर आरूढ़ हुए ।।९।।

* वहाँ दश हजार साधुओं के साथ उन्होंने समाधि लगाई। तथा चौदह दिनों के बाद चौदहवें गुणस्थान को प्राप्त हुए ।।१०।।

* उन्होंने प्रातःकाल ही शेष कर्मों का अन्त कर लोक को कंपाते हुए, अव्याबाध सुखवाले कल्याणकारी मोक्ष पद को पाया ।।११।।

* तब अपनी देवियों सहित बत्तीस इन्द्रों ने परिवार सहित आकर बड़े ठाट-बाट से भगवान् का निर्वाण कल्याणक किया ।।१२।।

* कहा भी है— भवनवासी देवों के दस इन्द्र, कल्पवासी देवों के बारह इन्द्र, व्यन्तर देवों के आठ इन्द्र तथा ज्योतिषियों के दो इन्द्र, इस प्रकार मिलकर बत्तीस इन्द्र होते हैं ।।१३।।

* चक्रवर्ती को अपने पुरोहित द्वारा स्वप्न के फलस्वरूप भगवान् के निर्वाण की सूचना मिली जिससे सैन्यसहित शीघ्र आकर उन्होंने निर्वाण कल्याणक की पूजा की ।।१४।।

* तब अग्निकुमार देवों के इन्द्र के मुकुट में लगे हुए चूडामणि रत्न की अग्नि से, सुगन्धित जल, पुष्प और अक्षतों से सिञ्चित उनकी देह का दाह संस्कार किया ।।१५।।

* वृषभसेन आदि गणधरों की अग्नि को दक्षिण भाग में तथा अन्य मुनियों कि अग्नि को वाम भाग में स्थापित कर गार्हपत्य, दक्षिणाग्नि तथा आह्वनीय अग्नि की उन लोगों ने पूजा की ।।१६।।

* इसके बाद इन्द्रों ने चक्रवर्ती भरत को हाथ फैलाकर आश्वासन दिया तथा मधुरालाप कर गणधरों को उन्हें सौंप दिया ।।१७।।

✶ तब वृषभसेन गणधर ने वियोग से विलाप करते हुए उस चक्रवर्ती को समझाया और सब लोगों का पूर्व वृतान्त कहा ।।१८।।

✶ हे चक्रवर्ती ! हम सबका और भगवान् आदिनाथ का सम्बन्ध सुनो। जो इस विचित्र संसार रूपी जंगल में अनेक भवों में घूमते हुए प्राप्त हुआ ।।१९।।

✶ जब आठ भव पहले भगवान् वज्रजंघ थे तब तुम उनके हितकारी मतिवर नामके मंत्री थे। जो उनका अकम्पन नामका मंत्री था वह बाहुबली राजा हुआ और उसकी जो अनुन्दरी नामकी बहिन थी वह तुम्हारी ब्राह्मी नामकी बहिन हुई है ।।२०-२१।।

✶ जो आनन्द नामका पुरोहित था वह सुन्दरी नामकी बहिन हुई है और श्रीमती के जो वीरबाहु आदि पुत्र थे वे सब हम लोग हुए हैं ।।२२।।

✶ हम लोगों ने, तपकर तथा चार आराधनाओं का आराधनकर आद्य ग्रैवेयक में अहमिन्द्र पद पाया था ।।२३।।

10

॥ શ્રી ગૌતમ અષ્ટક ॥

પ્રસ્તાવના :

ગૌતમ અષ્ટકના કર્તા અજ્ઞાત છે. તેમાં અનંતલબ્ધિનિધાન શ્રી ગૌતમસ્વામીનું વિશિષ્ટ મહાત્મ્ય વર્ણવી, વાંછિતની પ્રાપ્તિની પ્રાર્થના કરવામાં આવી છે.

શ્રી ઇંદ્રભૂતિ વસુભૂતિપુત્રં, પૃથ્વીભવં ગૌતમગોત્રરત્નમ્;
સ્તુવન્તિ દેવાઃ સુરમાનવેન્દ્રાઃ સ ગૌતમો યચ્છતુ વાંછિતં મે । (૧)

શ્રી ઇંદ્રભૂતિ વસુભૂતિ અને પૃથ્વી માતાના પુત્ર, ગૌતમ ગોત્રમાં થયેલા છે. સુરો અને માનવો વડે સ્તુતિ કરાયેલા ગૌતમસ્વામી મને વાંછિત આપો.(૧)

શ્રીવર્દ્ધમાનાત્ ત્રિપદીમવાપ્ય, મુહૂર્તમાત્રેણ કૃતાનિ યેન;
અંગાનિ પૂર્વાણિ ચતુર્દશાપિ, સ ગૌતમો યચ્છતુ વાંછિતં મે । (૨)

શ્રી વર્ધમાનસ્વામી પાસેથી ત્રિપદીને ગ્રહણ કરીને ૧૪ પૂર્વાંગોની રચના કરી તેવા ગૌતમસ્વામી મને ...(૨)

શ્રી વીરનાથેન પુરા પ્રણીતં, મંત્રં મહાનંદસુખાય યસ્ય;
ધ્યાયંત્યમી સૂરિવરાઃ સમગ્રાઃ, સ ગૌતમો યચ્છતુ વાંછિતં મે । (૩)

શ્રી મહાવીરસ્વામી વડે પહેલાં કહેવાયેલો મહાનંદ અને સુખને આપનાર મંત્ર, જેનું ધ્યાન સર્વે સૂરિવરો કરે છે તે ગૌતમસ્વામી મને...(૩)

યસ્યાભિધાનં મુનયોડપિ સર્વે, ગૃહ્ણન્તિ ભિક્ષાભ્રમણસ્ય કાલેઃ
મિષ્ટાન્નપાનામ્બરપૂર્ણકામા; સ ગૌતમો યચ્છતુ વાંછિતં મે । (૪)

જેમનું નામ સર્વે મુનિઓ ભિક્ષાભ્રમણના કાળે ગ્રહણ કરે છે જે મિષ્ટાન્ન, પાન, અંબરની ઇચ્છાને પૂર્ણ કરે છે. તે ગૌતમસ્વામી મને...(૪)

અષ્ટાપદાદ્રૌ ગગને સ્વશક્ત્યા યયૌ જિનાનાં પદવંદનાયઃ
નિશમ્ય તીર્થાતિશયં સુરેભ્ય;સ ગૌતમો યચ્છતુ વાંછિતં મે । (૫)

દેવો પાસેથી તીર્થના અતિશયને સાંભળીને જિનેશ્વરોના ચરણને વંદન કરવા માટે ગગનમાં સ્વશક્તિથી અષ્ટાપદ પર્વત પર ગયા તેવા ગૌતમસ્વામી મને...(૫)

Shri Gautam Ashtak Vol. IV Ch. 21-I, Pg. 1209-1213

ત્રિપંચસંખ્યા શતતાપસાનાં તપઃકૃશાનામપુનર્ભવાય;
અક્ષીણલબ્ધ્યા પરમાન્નદાતા, સ ગૌતમો યચ્છતુ વાંછિત મે । (૬)

તપથી કૃશ થયેલા ૧૫૦૦ તાપસોને અપુનર્ભવ થવા અક્ષીણલબ્ધિ વડે ખીરનું દાન આપ્યું તેવા ગૌતમસ્વામી મને...(૬)

સદક્ષિણં ભોજનમેવ દેયં, સાધાર્મિકં સંઘસપર્યયેતિ;
કૈવલ્યવસ્ત્રં પ્રદદૌ મુનીનાં, સ ગૌતમો યચ્છતુ વાંછિતં મે । (૭)

સંઘની પૂજા માટે સાધર્મિકને દક્ષિણા સહિત ભોજન અને મુનિઓને કેવળજ્ઞાનરૂપી વસ્ત્ર આપનારા તેવા ગૌતમસ્વામી મને...(૭)

શિવં ગતે ભર્તરિ વીરનાથે, યુગપ્રધાનત્વમિહૈવ મત્વાઃ
પટ્ટાભિષેકો વિદધે સુરેન્દ્રૈઃ સ ગૌતમો યચ્છતુ વાંછિતં મે । (૮)

ભગવાન મોક્ષમાં ગયે છતે યુગપ્રધાનપણાથી દેવેન્દ્રોએ જેનો પટ્ટાભિષેક કર્યો તેવા ગૌતમસ્વામી મને...(૮)

ત્રૈલોક્યબીજં પરમેષ્ઠિબીજં સદ્જ્ઞાનબીજં જિનરાજબીજં;
યન્નામ યોક્ત વિદધાતિ સિદ્ધિં સ ગૌતમો યચ્છતુ વાંછિતં મે । (૯)

ત્રૈલોક્યબીજ, પરમેષ્ઠિબીજ, સદ્જ્ઞાનનું બીજ તથા જિનરાજના બીજ સમું બોલાયેલું જેનું નામ જ સિદ્ધિને આપે છે. તેવા ગૌતમસ્વામી મને...(૯)

શ્રીગૌતમસ્યાષ્ટકમાદરેણ પ્રબોધકાલે મુનિપુંગવા યે;
પઠન્તિ તે સૂરિપદં સદૈવા - નન્દં લભન્તે સુતરાં ક્રમેણ । (૧૦)

જે મુનિઓ પ્રાતઃકાળે આદરસહિત શ્રી ગૌતમઅષ્ટકનો પાઠ કરે છે તેઓ ક્રમે કરીને હંમેશા આનંદરૂપ સૂરિપદને પ્રાપ્ત કરનારા થાય છે.(૧૦)

11

।। ज्ञानप्रकाशदीपार्णव ।।

उत्तरार्ध

પ્રસ્તાવના :

'જ્ઞાનપ્રકાશદીપાર્ણવ' મંદિર નિર્માણને લગતો પ્રાચીન સંસ્કૃત ગ્રંથ છે. તેના મૂળ કર્તા વિશ્વકર્મા છે. પ્રભાશંકર સોમપુરાએ આ ગ્રંથ પર 'શિલ્પ-પ્રભા' નામની ગુજરાતી ટીકા રચી છે. આ ગ્રંથ પૂર્વાર્ધ અને ઉત્તરાર્ધ એમ બે ભાગોમાં વિભાજિત છે. તેના ઉત્તરાર્ધના ૨૬માં અધ્યાયમાં અષ્ટાપદનું સ્વરૂપ તથા સિંહનિષદ્યા પ્રાસાદનું વર્ણન સુપેરે કરવામાં આવ્યું છે.

પ્રથમ તીર્થંકર શ્રી ઋષભદેવ સ્વામીના દેહેનો અગ્નિસંસ્કાર અષ્ટાપદ પર્વત ઉપર થયો. ત્યાં ભરત ચક્રવર્તી મહારાજે સિંહનિષદ્યા નામે પ્રાસાદની રચના વાર્ધકીરત્ન (શિલ્પી-સ્થપતિ) પાસે કરાવી.

भरतस्तत्र च स्वामि संस्कारासन्नभूतले ।
प्रासादं योजयामास त्रिगव्यूतिसमुच्छ्रयः ।।१।।

नामतः सिंहनिषद्या पद्मानिर्वाणवेश्मनः ।
उच्चैर्वार्द्धकीरत्नेन रत्नाश्माभिरकारयत् ।।२।।

ભરત ચક્રવર્તીએ શ્રી ઋષભદેવના અગ્નિસંસ્કારના સમીપ ભૂમિ પર ત્રણ ગાઉ ઊંચો અને જાણે મોક્ષ મંદિરની વેદિકા હોય તેવો ''સિંહનિષદ્યા'' નામનો પ્રાસાદ રત્નમય પાષાણોથી વાર્ધકી[૧]રત્ન (સ્થપતિ) પાસે કરાવ્યો.

તેની ચારે તરફ પ્રભુના સમવસરણની જેમ સ્ફટિક રત્નનાં ચાર રમણીય દ્વારો કરાવ્યાં. તે દ્વારોની બંને તરફ શિવલક્ષ્મીના ભંડારની જેવા રત્ન ચંદનના સોળ કળશો રચાવ્યા. દરેક દ્વારની જાણે સાક્ષાત પુણ્ય વલ્લી હોય તેવાં સોળ સોળ રત્નમય તોરણો રચાવ્યાં. ફરતા મંડપના પ્રશસ્તિ લિપિના જેવા અષ્ટમંગળની સોળ સોળ પંક્તિઓ રચી. જાણે ચાર દિગ્પાલોની સભા ત્યાં લાવ્યા હોય તેવા વિશાળ મુખમંડપો રચ્યા. તે ચાર મુખમંડપોની આગળ ચાલતાં શ્રી વલ્લી મંડપની અંદર ચાર પ્રેક્ષાસદન મંડપો

---

૧ જેમ અર્હંત જિન તીર્થંકરોના આ લોકભોગ્ય પુણ્ય ફળરૂપ વરેલી સિદ્ધિઓ તરીકે અષ્ટપ્રાતિહાર્યો હોય છે તેમ મહા ચક્રવર્તીની પાસે ચૌદ રત્નો હોય છે. તેમાં વાર્ધકી-સ્થપતિ શિલ્પી એ તેમનું છઠ્ઠું રત્ન કહ્યું છે. મહાચક્રવર્તી કલ્પે તે કાર્ય તે ચૌદ રત્નથી, અસાધ્ય હોય તો પણ પળવારમાં સાધ્ય થાય છે તે મહાચક્રવર્તીની સાથે જ તે રત્નો હાજર હોય છે.

सेनापतिगृहपतिपुरोहितगजतुरग वार्धकीः स्त्री ।
चक्रं छत्रं चर्म मणिः कांकिनी खड्गदंडः च ।।३।।

મહાચક્રવર્તીનાં ચૌદ રત્નોમાં સેનાપતિ, ગૃહપતિ, પુરોહિત, હાથી, ઘોડો, શિલ્પી વાર્ધકી અને સ્ત્રી એ સાત રત્નો પંચેન્દ્રિય છે. ચક્ર, છત્ર, ઢાલ, મણિ, કાંકિણી રત્ન, ખડ્ગ અને દંડ એ સાત રત્નો એકેન્દ્રિય છે. આ ચૌદ રત્નો મહાચક્રવર્તીની સેવામાં સદા સર્વદા હાજર હોય છે. આ એકેક રત્નના હજાર-હજાર દેવો અધિષ્ઠાયક હોય છે. (જૈન દર્શન)

Gyanprakashdiparnav Vol. I Ch. 1-B, Pg. 51-58

(રસિક મંડપ જેવા કક્ષાસનવાળા) કરાવ્યા. તે પ્રેક્ષા મંડપોની મધ્યમાં સૂર્યબિંબને ઉપહાસ્ય કરનારા વજમય અક્ષવાટ રચ્યા અને દરેક અક્ષવાટની મધ્યમાં કમળમાં કણિકાની જેમ એકેક મનોહર સિંહાસન રચ્યું. પ્રેક્ષા મંડપની આગળ એકેક મણિપીઠિકા રચી. તેની ૫૨ રત્નના મનોહર ચૈત્યસ્તૂપ રચ્યા. તે દરેક ચૈત્યસ્તૂપમાં આકાશને પ્રકાશિત કરનારી દરેક દિશાએ મોટી મણિપીઠિકા રચી.

मणिपीठिकोपरिस्थाः पंचशतधनुमिताः ।
शाश्वत प्रतिमाः स्थिता ऋषभ चंद्राननयोः ।।३।।
वारिषेण वर्धमान पर्यंकासनस्थिताः ।
सिंहनिषद्याप्रासादे नंदीश्वर द्वीपसमः ।।४।।

તે મણિપીઠિકાની ઉપર ચૈત્યસ્તૂપની સન્મુખ પાંચસો ધનુષ્ય પ્રમાણવાળી રત્નનિર્મિત અંગવાળી ઋષભાનન, ચંદ્રાનન, વારિષેણ અને વર્ધમાન નામની ચારે પર્યંકાસને બેઠેલી મનોહર નેત્રરૂપી પોયણાને ચંદ્રિકા સમાન નંદીશ્વર મહાદ્વીપના ચૈત્યની અંદર છે તેવી શાશ્વતજિન પ્રતિમાઓ રચાવી સ્થાપન કરી.

તે દરેક ચૈત્યસ્તૂપની આગળ અમૂલ્ય માણિક્યમય વિશાળ એવી સુંદર પીઠિકાઓ રચી. તેના પર એકેક ઇંદ્રધ્વજ રચ્યો. જાણે દરેક દિશાએ ધર્મે પોતાના જયસ્તંભો આરોપ્યા હોય તેવા તે ઇંદ્રધ્વજ જણાતા હતા.

દરેક ઇંદ્રધ્વજ આગળ ત્રણ ત્રણ પગથિયાં અને તોરણવાળી નંદા નામે પુષ્કરિણી (વાવડીઓ) રચી. સ્વચ્છ શીતલ જળથી ભરેલી અને વિચિત્ર કમળોથી શોભતી તે પુષ્કરિણીઓ દધિમુખ પર્વતના આકારભૂત પુષ્કરિણીઓ જેવી મનોહર લાગતી હતી.

તે સિંહનિષદ્યા નામના મહાચૈત્યના મધ્ય ભાગમાં મોટી મણિપીઠિકા બનાવી અને સમવસરણની જેમ તેના મધ્ય ભાગમાં વિચિત્ર રત્નમય એક દેવચ્છંદ રચ્યો (જ્યાં પ્રભુ ચડતાં વિશ્રામ લઈ દેશના દે છે).

તે ચૈત્યની ભીંતોમાં વિચિત્ર મણિમય ગવાક્ષ (ઝરૂખા) રચ્યા હતા. તેના પ્રભાપટલથી જાણે તેમાંથી પડદા ઉત્પન્ન થયેલા હોય તેવા જણાતા હતા....

देवच्छंदे प्रतिष्ठिताः प्रतिमास्तत्र निर्मलाः ।
ऋषभस्वामिमुख्यानां चतुर्विंशतिरर्हताम् ।।५।।
प्रतिमाः स्वस्वसंस्थाना मानवर्णाधरास्तु ताः ।
साक्षादिव स्वामिनो भासः शैलेषीध्यानवर्तिनः ।।६।।

આગળ કહેલા દેવચ્છંદની ઉપર શૈલેશી ધ્યાનમાં વર્તતી હોય તેવી દરેક પ્રભુના પોતપોતાના દેહના માન જેવડી ને પોતપોતાના દેહના વર્ણ (રંગ)ને ધારણ કરનારી, જાણે દરેક પ્રભુ પોતે જ બિરાજમાન હોય તેવી ઋષભ આદિ ચોવીસ અર્હતોની નિર્મલ રત્નમય પ્રતિમા રચીને સ્થાપન કરી.

तत्र षोडश सौवर्णा लाजवर्तसमद्वये ।
द्वौ स्फटिकौ द्वे वैडूर्ये द्वे च रक्तमणिमये ।
तासां चार्हत्प्रतिमानां सर्वासामपिजह्विरे ।।७।।

તેમાં સોળ પ્રતિમા સોનાવર્ણની, બે રાજવર્ણ (શ્યામ) રત્નની, બે સ્ફટિકની, બે (લીલા) વૈડૂર્યની અને બે રક્તવર્ણની (પૂર્વે 'બે', દક્ષિણે ચાર, પશ્ચિમે આઠ ને ઉત્તરે દશ) એમ ચોવીસ પ્રતિમાઓ બેસાડી દેવચ્છંદ ઉપર ઉજ્જ્વલ રત્નની ચોવીસ ઘંટાઓ શામરણ રચી.

अष्टापदस्य शिखरे मणिमाणिक्यभूषणम् ।
नंदीश्वरस्य चैत्यानां प्रतिस्पर्द्धिनं पावनम् ।।८।।
चैत्यं भरतचक्रिमात् आज्ञानुसारं कारितम् ।
तेन वार्द्धकी रत्नेन यथाविधि प्रमाणतः ।।९।।

અષ્ટાપદ પર્વતની ઉપર મસ્તકના મુકુટ - મણિ જેવા તથા નંદીશ્વરાદિના ચૈત્યની સ્પર્ધા કરે તેવું પવિત્ર એવું તે ચૈત્ય ભરત મહારાજની આજ્ઞા થતાં તત્કાળ સર્વ કળાના જ્ઞાતા એવા વાર્દ્ધકી રત્ને (સ્થપતિ શિલ્પીએ) વિધિ પ્રમાણે બનાવી આપ્યું.

चक्रिणा दंडरत्नेन शृंगाणि च छेदितानि ।
ऋजुस्तंभवत्स्थितत्वात् मनुजानैवारोहन्ति ।।१०।।
पर्वतमेखला इव सोपानान्यष्टौ च कृतः ।
योजनमेकमुच्चानि तेनाष्टापदः प्रसिद्धः ।।११।।
ततःप्रभृति शैलोऽसौ नाम्नाष्टापद इत्यभूत् ।

ભરત ચક્રવર્તીએ દંડરત્ન વડે તે પર્વતના દાંતા પાડી નાખ્યા. તેથી સરળ અને ઊંચા સ્તંભની પેઠે એ પર્વત લોકોને ન ચડી શકાય તેવો થઈ ગયો - પછી મહારાજા એ પર્વતની ફરતી મેખલાઓ જેવા અને મનુષ્યોથી ઉલ્લંઘન થઈ શકે નહિ એવા એકેક યોજનને અંતરે આઠ પગથિયાં બનાવ્યા ત્યારથી તે પર્વતનું નામ ''અષ્ટાપદ'' પડ્યું.

ઉપરોક્ત અષ્ટાપદ વિષયક વર્ણન ત્રિષષ્ટિશલાકાપુરુષ ચરિત્રના આધારે કરવામાં આવ્યું છે.

''त्रिषष्टिशलाका पुरूष पर्व'' (१) सर्ग ६ श्लोक ५६६ थी ६३६
अध्याय २६ - अष्टापद स्वरूप (चालु)

श्री विश्वकर्मा उवाच

चतुर्विंशतिर्जिनचैत्यं शतार्द्धं च द्वयाधिकम् ।
द्वयधिकसप्ततिस्तथा कार्या शतमष्टोत्तरम् ।।१।।

जगत्यां च तथा प्रोक्तां मंडपं च तथैव च ।
समोसरणमष्टापदं मया प्रोक्तं सुविस्तरैः ।।२।।

શ્રી વિશ્વકર્મા કહે છેઃ ચોવીસ જિનાયતન; બાવન જિનાયતન, બહોતેર જિનાયતન અને એકસો આઠ જિનાયતન અને તેની જગતી અને મંડપોનું પણ મેં કહ્યું છે; હવે સમવસરણ અને અષ્ટાપદનાં સ્વરૂપો વિસ્તારથી કહું છું.

नारदोवाच

विश्वकर्मा स्वयं देवो विश्वकर्मा जगत्पतिः ।
जिनालयं कथंदेव ! अष्टापदस्य लक्षणम् ।।३।।

तन्मध्ये देवतास्थान चतुर्दिक्षु जिनास्तथा ।
तद् भ्रमैर्देवतामानं पदमानं कथं प्रभो ! ।।४।।

નારદજી કહે છે હે વિશ્વકર્મા ! આપ સ્વયં વિશ્વના કર્તા જગત્પતિ દેવ છો. જિનાયતનો અને અષ્ટાપદનાં લક્ષણો મને કહો. તેની ચારે દિશામાં જિન દેવોનાં સ્થાન અને ફરતા દેવસ્થાનનાં પદના માન મને હે પ્રભો, કહો.



અષ્ટાપદ તલ દર્શન

श्री विश्वकर्मा उवाच

जगत्योर्ध्वं च शालाया गर्भे च देवतापदम् ।
द्वारस्य द्वारमानेन स्तंभ कुंभोदुंबरम् ।।५।।

प्रासादस्य समं ज्ञेयम् सपादं सार्द्धमेव च ।
द्विगुणं वाथ कर्तव्यं मंडपसमसूत्रतः ।।६।।

प्रासादा अष्टभद्रं च वामदक्षिणतोऽपि वा ।
मंडपगर्भसूत्रेण कर्तव्यं शुभमीप्सितम् ।।७।।

શ્રી વિશ્વકર્મા કહે છે. જગતીની ઉપરની (અષ્ટાપદની) શાલા દેવના ગર્ભગૃહના પદે કરવી. થાંભલા કુંભીને ઉદુમ્બર તે સર્વદ્વારના માને રાખવા. પ્રાસાદના જેટલો સવાયો દોઢો કે બમણો મંડપ કરવો તે શુભ જાણવું. મૂળ મંદિરની ડાબી જમણી તરફ અષ્ટભદ્રના પ્રાસાદો કરવા. તે તેના ગર્ભસૂત્રને અનુસરીને શુભ ઇચ્છિત ફળની કામનાવાળાએ મંડપો કરવા.

भूमिश्च भूमिमानेन चतुर्द्वारयुतं शुभम् ।
ગૌતમસ્વામીએ આ પ્રસંગે અષ્ટાપદ તીર્થ પર જવા માટે તેમની બે લબ્ધિઓનો-જંઘાચારણ લબ્ધિનો અને અક્ષીણમહાનસ લબ્ધિનો-ઉપયોગ કર્યો. જંઘાચારણલબ્ધિ એટલે ધારેલી જગ્યાએ જલ્દી પહોંચવાની પગની શક્તિ. એ શક્તિથી તેઓ અષ્ટાપદ પર્વતની તળેટીમાં પહોંચ્યા અને સૂર્યકિરણ પકડીને પર્વતના શિખર ઉપર ચડી ગયા. તેઓ જ્યારે નીચે ઊતરતા હતા ત્યારે તેમણે અષ્ટાપદ પર ચડવાને ઘણો પરિશ્રમ કરતા પણ સફળ ન થતા એવા ૧૫૦૩ તાપસોને જોયા. કોડિન્ન નામના તાપસે ૫૦૦ શિષ્યો સાથે ઉપવાસના પારણે ઉપવાસ કરીને, દિન્ન નામના તાપસે ૫૦૦ શિષ્યો સાથે છઠ્ઠના પારણે છઠ્ઠ કરીને, શેવાળ નામના તાપસે ૫૦૦ શિષ્યો સાથે અઠ્ઠમના પારણે અઠ્ઠમ કરીને અષ્ટાપદ પર પહોંચવાનો પ્રયત્ન કર્યો. પરંતુ થોડે થોડે અંતરે જઈ તે સહુ અટકી જતા. શેવાળ અને તેના શિષ્યો પણ સફળતા પામ્યા નહિ. તેઓ સૌએ શરીરે પુષ્ટ અને તેજસ્વી એવા ગૌતમસ્વામીને દર્શન કરીને પાછા આવતા જોયા. તેમની શક્તિથી પ્રભાવિત થઈને તે સહુ તાપસોએ તેમની પાસે દીક્ષા લીધી અને તેમના શિષ્ય બન્યા. ૧૫૦૩ તાપસોને ઉપવાસનું પારણું કરાવવા એક પાત્રમાં ગૌતમસ્વામી ખીર લઈ આવ્યા. ખીર થોડી હતી એટલે એટલી ખીર સહુને પહોંચે એ માટે એમણે અક્ષીણમહાનસ લબ્ધિનો ઉપયોગ કર્યો. તેમણે પોતાનો અમૃતઝરતો અંગૂઠો ખીરના પાત્રમાં મૂક્યો. એથી પાત્રમાંથી ખીર ખૂટી નહિ અને સહુ તાપસોએ સંતોષપૂર્વક પારણું કર્યું. તેથી જ ગૌતમસ્વામીનો મહિમા દર્શાવવા ગવાતું આવ્યું છે—

'અંગૂઠે અમૃત વસે, લબ્ધિ તણા ભંડાર;
શ્રી ગુરુ ગૌતમ સમરીએ, વાંછિત ફળ દાતાર.'

અષ્ટાપદજીની યાત્રાના પ્રસંગને સાંકેતિક રીતે ઘટાવીએ તો આ રીતે સમજી શકાય : અષ્ટાપદજી એટલે આઠ પદ. જૈનશાસ્ત્ર પ્રમાણે જે વ્યક્તિને કેવલજ્ઞાન-અનંત કે અનાવરણ જ્ઞાન પ્રાપ્ત કરવું હોય તેણે ૧૩મા ગુણસ્થાનકે પહોંચવું જોઈએ. તેરમા ગુણસ્થાનકે પહોંચનાર વ્યક્તિ તે સયોગી કેવળી. ચૌદમા ગુણસ્થાને પહોંચનાર વ્યક્તિ તે અયોગી કેવળી. ચૌદ ગુણસ્થાન એટલે જૈન પરિભાષા પ્રમાણે સંપૂર્ણ આત્મવિકાસનાં ચૌદ પગથિયાં અથવા ચૌદ તબક્કા. ચૌદ ગુણસ્થાનમાં આઠમા ગુણસ્થાનનું નામ છે અપૂર્વકરણ. એ ગુણસ્થાને પહોંચતા જ્ઞાનાવરણીય, દર્શનાવરણીય, મોહનીય અને અંતરાય એ ચાર ઘાતીકર્મો ઘણાં જ પાતળાં પડવા લાગે છે. તેથી આત્મા અલૌકિક શાંતિ અનુભવે છે. તેને વીતરાગપણાની ઝાંખી થવા લાગે છે. આ ગુણસ્થાને પહોંચવા માટે જ્ઞાનની જરૂર પડે છે. જ્ઞાનની સહાય વડે જ કર્મો હળવાં થવા લાગે છે. અને ઉત્તરોત્તર એનો ક્ષય થવા લાગે છે. ગૌતમસ્વામી સૂર્યકિરણ પકડીને અષ્ટાપદ પર પહોંચ્યા અને ત્યાં તેમણે વીતરાગ પ્રભુની પ્રતિમાઓના દર્શન કર્યાં. શાસ્ત્રમાં જ્ઞાનને સૂર્ય સાથે સરખાવ્યું છે. સૂર્ય કરતાં પણ જ્ઞાનની શક્તિ ઘણી ચડિયાતી છે. ગૌતમસ્વામી સૂર્યકિરણ પકડીને એટલે કે જ્ઞાનને સહારે દોષો, કર્મો દૂર કરતાં કરતાં ક્રમશઃ આત્મશુદ્ધિ કરતાં કરતાં અષ્ટાપદ ઉપર પહોંચ્યા એમ ઘટાવી શકાય. તેમને અપૂર્વ આનંદ થયો.

8

॥ શ્રી પાદલિપ્તસૂરિ ॥

સાધનાના બળે સર્જાતા ચમત્કાર અને કલ્પનાના બળે રચાતી કૃતિઓનો વિરલ સંગમ જોવા મળશે આચાર્યશ્રી પાદલિપ્તસૂરિજીના જીવનમાં.

કોશલ નામના નગરમાં ધર્મમાં અગ્રેસર વિજય નામે રાજા હતો. તેને નયવિક્રમસાગર નામે મંત્રી હતો. ને કુલ્લ નામે બુદ્ધિશાળી ચતુર એવો જૈન શેઠ હતો. તેને ''પ્રતિમાણા'' નામે શ્રેષ્ઠ સ્ત્રી હતી. પુત્ર નહિ હોવાથી પુત્રને માટે ખેદ કરતી એવી તેણી ઘણું ધન આપી ઘણા લોકોને પૂછતી હતી.

એક વખત ''પ્રતિમાણા'' એ વૈરુટયા દેવીને ભક્તિપૂર્વક તેવી રીતે આરાધી કે તે જલદી પ્રત્યક્ષ થઈ. અને બોલી કે હે પુત્રી ! તેં શા માટે અહીં મને યાદ કરી ? તું પોતાનું કાર્ય મને કહે. પ્રતિમાણાએ કહ્યું કે હમણાં મારે પુત્ર જોઈએ. વૈરુટયાએ કહ્યું કે હે પુત્રી ! વિદ્યાધર નામના વંશને વિષે સર્વવિદ્યારૂપી સમુદ્રના પારગામી શ્રી કાલિકાચાર્ય છે. તે વિદ્યાધર ગચ્છમાં બીજા શ્રેષ્ઠ આચારવાલા શ્રી આર્યનાગહસ્તિ આચાર્ય છે તે હમણાં અહીં આવ્યા છે, તે આચાર્યના પગનું પાણી જો તું હમણાં પીવે તો તારું ચિંતવેલું ચિંતવન કરતાં નિશ્ચયે અધિક થશે.

તે પછી હર્ષ પામેલી એવી તે જઈને બળાત્કારે શિષ્યના હાથમાં રહેલા પાત્રમાંથી ગુરુનાં ચરણના પાણીને ઉત્તમ ભક્તિથી ભાવિત એવી તેણીએ પીધું. તે પછી ગુરુનાં ચરણોને નમીને શ્રેષ્ઠી પત્નીએ કહ્યું કે વૈરુટયાના વચનથી મારા વડે તમારા ચરણનું પાણી પિવાયું છે. ગુરુએ કહ્યું, કે મારાથી દશ હાથને આંતરે રહેલી હે ધર્મશાલિની ! તેં અમારા ચરણનું પાણી પીધું છે તેથી તારો પ્રથમ પુત્ર દશ યોજનમાં રહેલો શ્રેષ્ઠ મોટો વિદ્યારૂપી સમુદ્રનો પારંગત થશે. એમાં સંશય નથી. પછી બીજા શ્રેષ્ઠ નવ પુત્રો અનુક્રમે થશે. શ્રેષ્ઠી પત્નીએ કહ્યું કે પહેલો પુત્ર તમને આપશે. ગુરુએ કહેલું પતિની આગળ તેણીએ કહ્યે છતે તે વખતે આદરથી હર્ષ પામેલા શેઠે કહ્યું કે ગુરુએ કહેલું જલદી સાચું થશે.

કાલ પ્રાપ્ત થયે છતે સારા દિવસે શેઠાણીએ નાગેન્દ્રના સ્વપ્નથી શોભતાં શ્રેષ્ઠ લક્ષણથી લક્ષિત પુત્રને જન્મ આપ્યો. પિતાએ જન્મોત્સવ કરીને પુત્રનું નાગેન્દ્ર નામ આપ્યું. તે પછી તે શરીરના અવયવો વડે અને ગુણો વડે પુષ્ટિ પામ્યો. માત્ર આઠ વર્ષની વયે વિદ્યાધર ગચ્છના આચાર્ય નાગહસ્તિ પાસે દીક્ષા લઈને મુનિ નાગેન્દ્ર બન્યા. અને મહાબુદ્ધિશાળી તેને ભણવા માટે સોમમુનિની આગળ મૂકયો. તે નાના સાધુ બાલકપણામાં પણ અર્થ ને સૂત્રની સાથે લક્ષણ-છંદ-અલંકાર અને કવિતા આદિ ઘણાં શાસ્ત્રો ભણ્યો. તે પછી તે ક્ષુલ્લક (બાલસાધુ) શ્રી કાલિકાચાર્યની પાસે વિશેષ શાસ્ત્રોને ભણતાં ગુરુના વિનયને કરે છે.

Padliptsuri Vol. VIII Ch. 53-D, Pg. 3689-3695

એક વખત ફરીને આવીને મુનિ નાગેન્દ્ર ગોચરી વહોરવા ગયા હતા. ઉપાશ્રયમાં પાછા આવી ગુરુ વડે પ્રેરણા કરાયેલો તે બાલસાધુ સુંદર એવી ગાથા વડે પાણીની આલોચના કરતો હતો. આલોચના કર્યા બાદ ગુરુની સમક્ષ એક શ્લોક બોલ્યા –

अंबं तंबच्छीए अपुप्फियं पुष्कदंतपंतीए।
नवसालिकंजियं नव वहूइ कुडएण मे दिन्नं ।।१।।

જેનો અર્થ હતો, ''તાંબાના જેવા રકત નેત્રવાળી, પુષ્પસરખા દાંતની પંક્તિવાળી, નવી પરણેલી યુવાન સ્ત્રીએ માટીમય પાત્રમાંથી આ કાંજીનું પાણી આપ્યું.''

ગુરુ મહારાજે આવું શૃંગારપૂર્ણ વર્ણન સાંભળીને શિષ્ય પર ક્રોધાયમાન થઈ કહ્યું કે 'पलितोऽसि'' અર્થાત્ ''તું રાગરૂપી અગ્નિથી પ્રદીપ્ત થયેલો છે.'' હાજરજવાબી મુનિ નાગેન્દ્રે નમ્ર બનીને ગુરુને કહ્યું, ''પલિતમાં એક માત્રા વધારીને મને પાલિત બનાવવાની કૃપા કરો.'' આનો અર્થ એ હતો કે મને આકાશગમન કરી શકાય તેવી પાદલિપ્ત વિદ્યાનું દાન કરો જેથી હું પાદલિપ્ત કહેવાઉં.

મુનિ નાગેન્દ્રની વિચક્ષણ બુદ્ધિ જોઈને આચાર્યે ''पादलिप्तो भव'' એવા આશીર્વાદ આપ્યા, ત્યારથી મુનિ નાગેન્દ્રનું નામ પાદલિપ્ત તરીકે પ્રસિદ્ધ થયું અને સાથોસાથ પગમાં લેપ કરવાથી ઊડવાની ચમત્કારિક શક્તિ પ્રાપ્ત થઈ. પોતાની આ શક્તિથી તેઓ રોજ શત્રુંજય, ગિરનાર, અષ્ટાપદ, સમેતશિખર અને અર્બુદગિરિ આ પાંચ તીર્થોની યાત્રા કર્યા બાદ જ આહાર-પાણી ગ્રહણ કરતા હતા.

अट्ठावयम्मि उसभो, सिद्धिगओ वासुपुज्ज चंपाए।
पावाए वद्धमाणो, अरिट्ठनेमि य उज्जिंते ।।१।।

अवसेसा तित्थयरा, जाइजरामरणबंधणविमुक्का।
सम्मेयसेलसिहरे, वीस परिनिव्वुए वंदे ।।२।।

અષ્ટાપદ ઉપર શ્રી ઋષભદેવ સિદ્ધિ પામ્યા, ચંપાપુરીમાં વાસુપૂજ્ય મોક્ષ પામ્યા. પાવાપુરીમાં વર્ધમાન સ્વામી મોક્ષ પામ્યા. ઉજજયંતગિરિ ઉપર અરિષ્ટનેમિ મોક્ષ પામ્યા. બાકીના ૨૦ તીર્થંકરો સમ્મેતશિખર ઉપર જન્મ-જરા ને મરણના બંધનથી મુકત થઈ મોક્ષ પામ્યા. તેઓને હું વંદન કરું છું. પોતાના સ્થાનમાં આવીને પાદલિપ્તસૂરીશ્વર પ્રાયઃકરીને રસવગરના આહારને ખાય છે. કહ્યું છે કેઃ-

यद्दूरं यद्दूराराध्यं, यच्चदूरे व्यवस्थितम्।
तत् सर्वं तपसा साध्यं, तपो हि दुरतिक्रमम्।।

જે દૂર હોય, દુઃખે કરીને આરાધી શકાય એવું હોય, દૂર રહેલું હોય તે સર્વ તપ વડે સાધી શકાય છે. ખરેખર તપ દુર્લંધ્ય છે. તે તપ વડે તે આચાર્યને અનેક શ્રેષ્ઠ વિદ્યાઓ થઈ. એમણે જીવાજીવોત્પતિ પ્રાભૃત, વિદ્યા પ્રાભૃત, સિદ્ધ પ્રાભૃત અને નિમિત્ત પ્રાભૃત એવી અન્ય ચાર સિદ્ધ વિદ્યાઓ મેળવી હતી.

એકવાર નાગર્જુન નામના સિદ્ધ યોગીએ પથ્થર કે લોખંડને સુવર્ણ બનાવતા કોટિવેદ રસનું પાત્ર પોતાના એક શિષ્ય સાથે મોકલાવ્યું. આચાર્ય પાદલિપ્તસૂરિએ કહયું કે— સાધુ માટે તો સુવર્ણ અને કાંકરા બંને સમાન હોય છે. મારે આની જરૂર નથી. આથી નાગાર્જુન ગુસ્સે થયો, પરંતુ પાદલિપ્તાચાર્યે સ્પશે અને મૂત્રાદિથી સુવર્ણશિલા બનાવી દીધી. પરિણામે નાગાર્જુનનો ગર્વ ગળી ગયો અને એમની સાથે રહેવા લાગ્યા.

પાદલિપ્તાચાર્ય પાસેથી એમણે આકાશગામિની વિદ્યા મેળવી. નાગાર્જુને આચાર્યશ્રીને વિનંતી કરી કે

મને કંઈ કામસેવા ફરમાવો, ત્યારે પાદલિપ્તચાર્યે કહ્યું કે ''તું જીવનભર જૈન ધર્મ પાળીને આત્મકલ્યાણ સાધ.''

નાગાર્જુનને જીવનભર જૈન ધર્મનું યોગ્ય રીતે પાલન કર્યું. એણે શ્રી શત્રુંજય મહાતીર્થની તળેટીમાં પાદલિપ્તપુર નામનું નગર વસાવ્યું. આજે એ પાલીતાણા તરીકે ઓળખાય છે. કોઈ જૈન આચાર્યના નામ પરથી કોઈ નગરનું નામ પડયું હોય તેનું આ વિરલ દૃષ્ટાંત છે.

નાગાર્જુને ગિરિરાજ પર જિનમંદિર બનાવ્યું તેમાં આચાર્યશ્રી પાદલિપ્તસૂરિજીના હાથે અનેક જિનબિંબો સ્થાપ્યા. વળી આચાર્યશ્રીની મૂર્તિ પણ સ્થાપી. આચાર્યશ્રી પાદલિપ્તસૂરિએ ''તરંગવતી'' નામની વિશ્વના કથાસાહિત્યમાં આગવું સ્થાન ધરાવતી પ્રાકૃત મહાકાવ્યની રચના કરી.

આચાર્યશ્રી પાદલિપ્તસૂરિજીએ 'નિર્વાણકલિકા', 'પ્રશ્નપ્રકાશ', 'કાલજ્ઞાન', જ્યોતિષ કરંડક' ની ટીકા, 'તરંગલીલાકથા' અને 'વીરસ્તુતિ' જેવી કૃતિઓની રચના કરી હતી. શ્રી શત્રુંજય તીર્થ પર બત્રીસ દિવસનું અનશન કરીને આ પાદલિપ્તસૂરિ કાળધર્મ પામ્યા હતા. આ રીતે ઉત્કૃષ્ટ સાહિત્ય, પ્રભાવક પ્રતિબોધ અને વિસ્મયજનક સિદ્ધિઓ ધરાવતા શ્રી પાદલિપ્તસૂરિજીએ જિનશાસનની યશસ્વી સેવા કરી.

9

॥ भरत चक्रवर्ती ॥

योऽनन्तोऽव्यक्तमूर्तिर्जगदखिलभवद्भाविभूतार्थमुक्तः,
सर्वज्ञः सर्वदर्शी सकलजननतः संस्तुतः साधुसंघैः।
अक्षीणः क्षीणकर्मा वचनपथमतिक्रम्य यो दूरवर्ती,
स श्रीमानादिनाथस्तव दिशतु सदा मंगलं पुण्य लभ्यः।।

जो अनन्त, अव्यक्त स्वरूपवाले, जगत् के सभी भूत, भविष्य और वर्तमान पदार्थों से मुक्त अर्थात् सर्वथा उदासीन, सर्वज्ञ, सर्वदर्शी, सभी लोगों द्वारा प्रणाम किए जाते, साधुओं के समूह द्वारा स्तुत, अक्षय, सब कर्मों का नाश करनेवाले, वचनपथ का अतिक्रमण करके अर्थात् अनिर्वचनीय होकर दूर सिद्धक्षेत्र में रहनेवाले- ऐसे पुण्य से प्राप्त होनेवाले श्री आदिनाथ प्रभु तुम्हारा सर्वदा मंगल करें।

भगवान् महावीर कहते हैं कि- हे इन्द्र ! निर्वाणरूपी सीढ़ी के उपर चढ़ने में तत्पर और इसीलिये कान के लिये, अमृत जैसा इस चक्रवर्ती भरत का चरित्र अब तुम सुनो।

तीर्थयात्रा के बाद अयोध्या में वापिस लौटने पर शुभ कार्य में प्रवृत्त सोमयश आदि को अलग अलग देश सोंपकर अत्यन्त वात्सल्यभाव रखनेवाले भरत चक्रवर्ती ने (स्नेह के कारण मन न मानने पर भी) किसी तरह बिदा किया। बाद में भोजन, वस्त्र, आदि से सकल संघ का सम्मान करके उन्होंने अपनी दो भुजाओं द्वारा पृथ्वी का भार स्वीकार किया। कुछ दिनों के बाद उद्यानपति द्वारा 'विचार करते हुए भगवान् अष्टापद पर समवसरण में पधारे हैं'— ऐसी बात सुनकर उन्हें वन्दन करने की इच्छा से वह वहाँ पर गए। श्री सर्वज्ञ भगवान् के मुखरूपी कमल से दान का महान् फल सुनकर चक्रवर्ती ने कहा कि ये श्रमण-साधु मेरा दान ग्रहण करें। इस पर जगद्गुरु भगवान् ने कहा कि 'निर्दोष होने पर भी राजपिण्ड (राजा के घर का आहार आदि) मुनि ग्रहण नहीं कर सकते, इसलिये इस बारे में प्रार्थना करना नहीं।'

इस पर फिर से भरतने कहा, 'हे स्वामिन ! दान के योग्य महान् पात्र मुनि है। यदि इन्हें भी में दान नहीं दिया जा सकता तो फिर में क्या करूं ? इस पर इन्द्र ने कहा कि 'हे राजन ! यदि आपको दान देना ही है तो गुणों में श्रेष्ठ साधर्मिक श्रावक भाइयों को दान दो । ऐसे इन्द्र के कथन को सुनकर अयोध्या में पहुंचने के बाद साधर्मिक भाइयों को प्रतिदिन भोजन कराने लगे । जिस प्रकार श्री आदीश्वर प्रभु से धर्म की प्रर्वतना हुई उसी प्रकार भरत चक्रवर्ती से साधर्मिक वात्सल्य का रिवाज तब से प्रचार में आया ।

Bharat Chakravarti Vol. VI Ch. 37-B, Pg. 2529-2539

अपना मोक्षकाल नझदीक जानकर प्रभु अष्टापद पर्वत पर पधारे। यहाँ दस हजार मुनियों के साथ भगवानने अनशन ग्रहण किया। भगवान् की इस अवस्था के बारे में सुनकर भरत तुरंत ही अष्टापद पर्वत पर गए । वहाँ भगवान् का देह विलय देखकर राजा भरत, शोक के कारण रोने लगे ।

इस पर फिर से भरत और विश्व के लिये सदा नमन करने योग्य है— ऐसे भगवान् के बारे में लगातार कैसे शोक किया जा सकता है ? दूसरों से जो शक्य नहीं है ऐसे कार्य करनेवाले तथा कर्म-बन्धन का त्याग करनेवाले मुमुक्षुओं के लिये तो यह भगवान् का निर्वाण विशेषरूप से महोत्सव जैसा है। ये हर्ष और शोक तो स्वार्थ का 'घात करनेवाले तथा पाप के योग्य (कारणभूत) हैं। इसलिये शोक का त्याग करके, हे बुद्धिरूपी धनवाले ! आप अपना धैर्य पुनः प्राप्त करें । इस तरह चक्रवर्ती को आश्वासन देकर इन्द्र ने भगवान् के लिये गोल, और दक्षिण दिशा में दूसरे ईक्ष्वाकु वंशियों के लिये त्रिकोण तथा दूसरे मुनियों के लिये चौकोर चिताएँ देवताओं ने बनाईं । बाद में क्षीरसागर के जल से भगवान् के शरीर को नहलाकर वस्त्र एवं अलंकारों से सजाकर इन्द्र ने उसे शिबिका में रखा। इसी प्रकार दूसरे देवों ने ईक्ष्वाकुओं के तथा इतर मुनिवरों के भी शरीर नहलाकर तथा उन्हें अलंकृत करके भक्तिपूर्वक शिबिका में रखे। इसके बाद जब कोई बाजे बजा रहे, कोई फूलों की बारिश कर रहे थे, कोई ऊँचे से गीत गा रहे तथा कोई नाच रहे थे तब चिताओं पर शरीर रखे गए। अग्निकुमार और वायुकुमार के देवों ने उन शरीरों को जल्दी ही जला डाला। इसके बाद मेघकुमारों ने बची हुई अस्थियों को ठण्डा किया। सब देवों ने अपने अपने घरों में भगवान् के तथा दूसरों के दाँत और अस्थियों की यथा योग्य पूजा करने के लिये उन्हें ले लिया। मांगने वाले कुछ श्रावकों को देवों ने तीनों कुण्डों की अग्नि दी। तबसे लेकर वे अग्निहोत्री ब्राह्मण कहलाए। कुछ लोगों ने उनकी भस्म प्राप्त करके उसे भक्तिपूर्वक नमस्कार किया। तबसे भस्म से विभूषित शरीरवाले तापस कहलाए।

इसके बाद उन चितास्थानों में तीन विशाल स्तूपों का निर्माण करके इन्द्रों ने नन्दीश्वर द्वीप में आनन्द के साथ अष्टाह्निका महोत्सव किया। बादमें अपने स्थानों पर जाकर तथा हृदय में जिनेश्वर भगवान् का स्मरण करते हुए देव विघ्न की शान्ति के लिये भगवान् की अस्थियों की पूजा करने लगे।

इधर भरत ने भी चिता के पास की जमीन पर वर्द्धकी-रत्न द्वारा भगवान् का एक प्रासाद बनवाया। तीन कोस ऊँचे और एक योजन विस्तृत उस मन्दिर में तोरणों से मनोहर ऐसे चार दरवाजे बनवाए। इन चारों दरवाजों के पास स्वर्ग मण्डप जैसे मण्डप तथा उनके भीतर पीठिका, देवच्छन्दिका तथा देविका का भी निर्माण किया गया। उसमें सुन्दर पीठिका के ऊपर कमलासन पर आसीन और आठ प्रातिहार्य सहित अरिहन्त भगवान् की रत्नमय शाश्वत चार प्रतिमाएँ तथा देवच्छन्द के ऊपर अपनी-अपनी ऊँचाई, लाँछन (चिह्न) और वर्णवाली चौबीस तीर्थङ्करों की मणि तथा रत्नों की मूर्तियाँ स्थापित कीं। उन प्रत्येक मूर्तियों के ऊपर तीन तीन छत्र, दोनों ओर दो-दो चामर, आराधक यज्ञ, किन्नर और ध्वजाएँ भी स्थापित करने में आयी। इनके अतिरिक्त उन्होंने अपने पूर्वजों की, भाईयों की, दोनों बहनों की तथा भक्ति से विनम्र ऐसी अपनी भी प्रतिमा का निर्माण किया। चैत्य के चारों ओर चैत्यवृक्ष, कल्पवृक्ष, सरोवर, कूँए, बावड़ियाँ और खूब ऊँचे मठ बनवाए। चैत्य के बाहर मणि-रत्नों का भगवान् का एक ऊँचा स्तूप और उस स्तूप के आगे दूसरे भाईयों के स्तूप भी खड़े किए। भरतराजा की आज्ञा से इन स्तूपों के चारों ओर पृथ्वी पर विचरण करनेवाले अनेक प्राणियों द्वारा अभेद्य लोहपुरुष और अधिष्ठायक देव भी स्थापित किए गए। इस प्रकार राजा ने 'सिंहनिषद्या' नामक प्रासाद का विधिवत् निर्माण करके उसमें मुनिवृन्द द्वारा उत्सवपूर्वक प्रतिष्ठा करवाई। इसके बाद पवित्र और सफेद वस्त्र धारण किए हुए उन्होंने जिनमन्दिर में प्रवेश किया और 'निसीही' करके चैत्य की तीन बार प्रदक्षिणा की। इसके पश्चात् पवित्र जल से प्रतिमाओं का अभिषेक करके कोमल वस्त्रों द्वारा, मानो सूर्य को उत्तेजित करते हों इस तरह, उन्हें पोंछा। सुगन्ध से युक्त सुन्दर चाँदनी के समूह जैसे चन्दन से चक्रवर्ती ने, अपने यश से जिस तरह पृथ्वी पर लेप किया था उस तरह, उन प्रतिमाओं पर लेप किया। इसके बाद सुगन्धी और अनेक प्रकार के वर्णवाले फूलों

से भगवान् की भक्तिपूर्वक पूजा की और मानो कस्तूरी की बेल बना रहे हों इस तरह धूप भी जलाया। बाद में भगवान् के आगे से जरा पीछे हटकर मणिमय पीठ के ऊपर शुद्ध अक्षत (चावल) से अष्टमंगल की रचना की तथा ढ़ेर के ढ़ेर फल भी चढ़ाए। इसके बाद दीपक के प्रकाश से सब जगह से मानों अन्धकार के समूह को दूर कर रहे हों इस तरह भरत चक्रवर्ती ने मंगल दीए के साथ ही साथ आरती भी उतारी। बादमें अतिशय भक्ति के कारण ऊपर की ओर उठे हुए रोमांच की कान्ति से बीधें हुए, हर्ष के आँसू रूपी मोती और वाणीरूपी सूत से हार गूँथते हों इस तरह स्तुति करने लगे–

''हे स्वामिन् ! हे जगदाधार ! जिस पृथ्वी पर आपने धर्म का उद्धार किया है उस पृथ्वी को छोड़कर तथा स्वर्ग एवं नरक की छोर को भी पार करके अत्यन्त कठिनाई से प्राप्त होनेवाले लोक के अग्रभाग (मोक्ष) में तुम चले गए हो। यद्यपि तुम इस त्रिलोक का त्याग करके जल्दी ही चले गए हो फिर भी वह तो अपने चित्त में तुम्हारा ध्यान बलपूर्वक करता ही रहेगा। तुम्हारे ध्यानरूपी रस्सी का अवलम्बन लेकर मेरे जैसे दूर रहने पर भी तुम्हारे पास ही में हैं। जब ऐसा है तब तुम पहले क्यों चले गए। अशरण हमें यहाँ पर छोड़कर जैसे तुम सहसा चले गए हो वैसे, जब तक हम तुम्हारे पास में न आ जाएँ तब तक, हमारे मन में से मत चले जाना।''

इस प्रकार श्री आदिनाथ भगवान् की स्तुति करने के बाद भरत चक्रवर्ती ने दूसरे भी अरिहन्त भगवान्ों को भक्तिपूर्वक नमस्कार करके उनकी अभिनव उक्ति से युक्त स्तुति की।

'इस रत्नमय प्रासाद की कालके जैसे क्रूर प्राणी और मनुष्यों द्वारा आशातना न हो'– ऐसा विचार करके भरत ने पर्वत के शिखर तोड़ डाले और दण्ड-रत्न द्वारा एक-एक योजन की दूरी पर आठ पैड़ियाँ कराईं जिससे वह अष्टापद के नाम से प्रसिद्ध हुआ। इस तरह सब कार्य वहाँ सम्पूर्ण करके अत्यन्त दुःखी भरत राजा मन को वहीं रखकर बाकी के देह के साथ पर्वत पर से नीचे उतरे। शोकयुक्त मनुष्यों के द्वारा बहाए गए आँसुओं से पृथ्वी को धूल रहित करते हुए वह निष्पाप राजा क्रमशः प्रयाण करते हुए विनीता नगरी मे आए। वहाँ आने के बाद उनका मन गीत में, कविता के उदात्त रस में, सुन्दर स्त्रियों में अथवा क्रीड़ा-सरोवरों में नहीं लगता था। नन्दनवन जैसे उद्यानों में, सुख देनेवाले चन्दन में, सुन्दर हार में अथवा भोजन किंवा जल में उन्हें आनन्द नहीं आता था। आसन में, शयन में, वाहन में, धन में, तथा दूसरे सभी कार्यों में एक मात्र भगवान् का ही ध्यान करनेवाले अपने स्वामी से सब मंत्री कहने लगे कि 'देवताओं ने जिसे मेरू पर्वत पर नहलाया, जिससे इक्ष्वाकु कुल निकला, जिसने राजाओं का आचार (राजनीति) दिखलाया, जिससे भली प्रजा सन्तुष्ट है, जिससे धर्म का प्रादुर्भाव हुआ है, जिसका उज्ज्वल चारित्र है और जिसमें ज्ञान ने स्थिति की है—अर्थात् जिसे केवलज्ञान हुआ है—ऐसे भगवान् के बारे में शोक करना योग्य नहीं है। उस परमेश्वर की तो स्तुति करनी चहिए, उसकी सदा भक्तिपूर्वक पूजा करो, उससे आप सनाथ हों, उसी में अपने चित्त को लगाओ, उससे प्राप्त किए हुए बोध का चिन्तन करो, उसके गुणों का अवलम्बन लो और जो परम-पद में लीन हो गए हैं उनके बारे में मन में मोह न रखो।'

मंत्रियों द्वारा कहे गए ऐसे वचन सुनकर चक्रवर्ती ने किसी तरह अपना दारुण शोक छोड़ दिया और राजकार्य में लग गए। आहिस्ते-आहिस्ते भगवान् के शोक से मुक्त वह लहरी राजा सुख-विलास की भावना से प्रेरित होकर ऊँचे महल में विश्वस्त लोगों के साथ रमण करने लगे।

एक दिन स्नान करने से सुन्दर लगनेवाले तथा सब अंगों के ऊपर आभूषण पहने हुए भरत राजा ने दर्पणागार (शीश महल) में प्रवेश किया। वहाँ पर उन्होंने अपनी ऊँचाई जितने बड़े तथा सान पर चढ़ाने से पानीदार लगनेवाले रत्न के दर्पण में लीलापूर्वक अंगडाई लेकर अपना रूप देखा। प्रत्येक अंग को देखकर प्रसन्न होनेवाले भरत, अँगूठी बिना की और इसीलिये पाला पड़ने से वृक्ष की जली हुई शाखा जैसी मालूम होनेवाली अपनी अंगुली देखकर विचार करने लगे कि 'अँगूठी से जिस तरह मेरी' अंगुली में यह कृत्रिम शोभा मालूम

होती है उसी तरह सिर आदि अंगों में भी आभुषणों से कृत्रिम शोभा ही आई हुई है— ऐसा मैं मानता हूँ।' ऐसा विचार करके विरक्त और प्रशान्त हृदयवाले भरत ने सिर पर मुकुट, दोनों कानों में से कुण्डल, गले पर से कण्ठला (कण्ठाभरण), छाती पर से हार, दोनों भुजाओं पर से बाजुबन्द, दोनों हाथों में से वीरवलय (कड़ा) और अंगुलियों में से अँगूठियाँ भार समझ कर निकाल डालीं। फागुन महीने में पत्ते, फूल और फल से रहित पेड़ की तरह अलंकारों से रहित अपने शरीर को देखकर वह मन में इस तरह विचार करने लगे कि 'आभूषण रूपी विभिन्न वर्णों के लेप से चित्रित यह शरीर रूपी दीवार असार होने से अनित्यतारूपी जल से भीगने पर गिर पड़ती है। रोगरूपी हवा के बहने से झड़ जानेवाले पके पत्ते के जैसे इस शरीर पर का प्राणियों का मोह अहो ! कितना दुस्त्यज (बड़ी कठिनाई से जिसका त्याग किया जा सके ऐसा) है ?' इस शरीर में साररूप चमड़ी के ऊपर प्राणी रात-दिन चन्दन-रस को लेप करते हैं फिर भी वह अपना मैलापन नहीं छोड़ती। जिसके लिये दुष्कर्म से प्रेरित लोग पाप करते हैं वह देह तो कमलिनी के पत्ते पर रहे हुए बिन्दु की तरह चंचल है। दुर्गन्धी और शृँगार रस से मलिन ऐसे संसार रूपी गन्दे पानी के परनाले में, जानते हुए भी लोग गड्ढ़ों में मैला चूंथनेवाले सूअर की तरह डुबकियाँ लगाते रहते हैं। मैंने भी साठ हजार वर्ष तक इस धरातल पर घूम-घूमकर इस शरीर के लिये न करने जैसे काम किये हैं। मुझे तो धिक्कार है। बाहुबली वीर धन्य है तथा दूसरे भी भाई धन्य हैं जिन्होंने इस असार संसार का त्याग कर के मुक्ति प्राप्त की है। जहाँ पर विशाल राज्य भी चलायमान हो, यौवन विनश्वर हो और लक्ष्मी चंचल हो वहाँ पर स्थिरता कैसे हो सकती है ? संसाररूपी कूएं में गिरे हुए प्राणियों को माता, पिता, स्त्री, भाई, पुत्र तथा धन-कोई भी रक्षा करने में समर्थ नहीं है। हे तात ! हे जगद्रक्षक ! जैसे तुमने अपने दूसरे पुत्रों को बचाया है वैसे ही मुझे बचाओ। अथवा इस तरह उलाहना देने से क्या फायदा ? खराब पुत्र होने के कारण उन्होंने मुझे याद नहीं किया होगा । धन, शरीर, घर और अन्तःपुर—इनमें से मैं कोई नहीं हूँ। 'समता और आनन्द के अमृत-जल में डुबकी लगानेवाला मैं अकेला ही हूँ।' इस प्रकार चिन्तन करके उपाधिरहित, शान्त, निष्क्रिय, मृत्यु रहित-ऐसे चिदानन्द स्वरूप परमतत्त्व में वह लीन हो गए। रौद्रध्यान से, असत्याचरण से, परद्रोह से तथा कुकर्म करके जो बड़ा भारी पाप इकट्ठा किया था उसे इस तरह की वैराग्य भावना ने शान्त कर दिया। शरीररूपी मिट्टी के बरतन में रखे गए मनरूपी पारे को ध्यानरूपी अग्नि द्वारा सुस्थिर करके कल्याण की प्राप्ति के लिये योगी भरत ने बाँध लिया । उत्कृष्ट भावनावाले योगीश्वर भरत ने सतत वृद्धिगत उपशमभाव से क्षपक श्रेणी पर आरूढ़ होकर केवलज्ञान प्राप्त किया। इन्द्र की आज्ञा से देवताओं ने मुनिवेश उन्हें अर्पित किया जिसे धारण करके उन्होंने सर्वविरति दण्डक का उच्चार किया। भरत चक्रवर्ती के पीछे, दूसरे दस हजार राजाओं ने भी प्रव्रज्या (दीक्षा) अंगीकार की क्योंकि वैसे स्वामी की सेवा तो परभव में भी सुख देनेवाली होती है। सर्वोत्कृष्ट पद पर पहुँचने के कारण दूसरों को वन्दना न करनेवाले भरत केवली को देव, नागकुमार तथा मनुष्य भक्तिपूर्वक वन्दन करने लगे।

भरत चक्रवर्ती को केवलज्ञान होने के पश्चात् इन्द्र ने पृथ्वी का भार वहन करनेवाले भरत के पुत्र सूर्ययश का राज्याभिषेक किया। केवलज्ञान की उत्पत्ति से लेकर, भगवान् श्री ऋषभदेव की तरह, भरतने भी गाँव, समूह, नगर, जंगल, पर्वत और द्रोणमुख (४०० गाँवों की राजधानी) आदि में रहने वाले भव्य जीवों को धर्म की देशना द्वारा जागृत करते हुए भरत केवली ने अपने परिवार के साथ एक लाख पूर्व वर्ष तक विहार किया। बाद में अष्टापद पर्वत पर जाकर भरत मुनि ने यथाविधि चतुर्विध आहार का प्रत्याख्यान (पच्चक्खाण-त्याग) किया। एक महीने के अन्त में श्रवण नक्षत्र में, ज्ञानादि अनन्त चतुष्टय जिसे सिद्ध हुए हैं ऐसे वह शान्त महात्मा मोक्ष में गए और उनके पीछे क्रमशः दूसरे भी साधुओं ने मोक्षपद प्राप्त किया। इस पर इन्द्रों ने भगवान् श्री ऋषभदेव प्रभु की तरह उनके पुत्र भरत का वहाँ पर निर्वाण महोत्सव किया ऊँचे चैत्यों का निर्माण कराया।

भरत चक्रवर्ती कुमारावस्था में सतत्तर लाख पूर्व, मण्डलक अवस्था में एक हजार वर्ष, छह लाख पूर्व वर्ष में एक हजार वर्ष कम चक्रवर्ती अवस्था में और केवली अवस्था में एक लाख पूर्व -इस प्रकार कुल चौरासी

लाख पूर्व का सम्पूर्ण आयुष्य पूर्ण करके मोक्ष में गए। अष्टापद पर्वत पर आठों कर्मों को नष्ट करके आठ प्रकार की शुभ सिद्धियों से सम्पन्न मनुष्य शुभ भावनाओं से भाविक होने पर मोक्ष रूप परम स्थान प्राप्त कर सकते हैं। अष्टापद पर आए हुए अष्ट प्रातिहार्यों से युक्त श्री जिनेश्वर भगवान् की यदि अष्टप्रकारी पूजा की जाय तो वह उससे सोने का बड़ा भारी ढ़ेर मिलता है अर्थात् उसे खूब खूब सम्पत्ति मिलती है। प्रसन्न मुख और उत्तम हृदयवाला जो पुरुष शुद्ध भावना के साथ उत्कृष्ट तपश्चर्या करता है वह संसार के दुःख से छुटकारा पा लेता है। शुभ भावनावाला जो पुरुष इस अष्टापद पर्वत की यात्रा करता है वह तीन अथवा सात भवों में ही सिद्ध रूप मन्दिर में प्रवेश करता है। शाश्वत अरहन्त भगवान्ों के मन्दिर जैसा यह अष्टापद महातीर्थ उज्ज्वल पुण्यराशि की तरह तीनों लोकों को अत्यन्त पवित्र करता है।

भरत चक्रवर्ती के निर्वाण के पश्चात् शोक में मग्न सूर्ययश ने अष्टापद पर्वत पर आकर निर्विकार मन से ऊँचे मन्दिरों की श्रेणियाँ बनवाईं। मुख्य मंत्रियों द्वारा नत वचनों से समझाए जाने पर आहस्ता आहस्ता शोक से मुक्त होकर उसने राज्य का कारोबार अपने हाथों में संभाला। बादमें अपने प्रताप से शत्रुओं को पराजित करके चन्द्र जैसे उज्ज्वल यश द्वारा कुवलय (कमल और कु-वलय अर्थात् पृथ्वी मण्डल) का विकास किया। छह खण्डात्मक भरतक्षेत्र के स्वामी श्री भरत चक्रवर्ती के पुत्र, स्वयं तीन खण्ड पृथ्वी के स्वामी और जिसकी आज्ञा कोई तोड़ नहीं सकता ऐसे राजनीतिज्ञ सूर्ययश ने दुष्टों को नष्ट कर ड़ाला। जिस प्रकार आकाश में सूर्य और चन्द्र इन दोनों का प्रताप चमकता है उस तरह इस पृथ्वी पर अकेले सूर्ययश का ही प्रताप चमकने लगा। राज्य-प्राप्ति के समय इन्द्र द्वारा पहनाया गया भरत चक्रवर्ती का मुकुट सूर्ययश ने धारण किया जिससे उसका दुगुना उदय हुआ। इस मुकुट के माहात्म्य से शत्रुओं को जीतनेवाला सूर्ययश राजा देवताओं द्वारा सदा सेवा करने योग्य हुआ। उसके प्रताप ने शत्रुओं के महलों में, उनके यशरूप जल को सुखाकर विशेष रूप से जलने पर भी, घास उगाया-यह एक प्रकार की विचित्रता ही है। राधावेध का प्रण पूर्ण करने से प्राप्त, कनक विद्याधर की लड़की और सभी स्त्रियों में शिरमोर– ऐसी जयश्री उसकी मुख्य पत्नी हुई। दो अष्टमी और दो चतुर्दशी इन चार पर्वों का तो वह विशेष रूप से प्रत्याख्यान (पच्चक्खाण), पौषध आदि तप द्वारा आराधन करता था। अपने जीवन की अपेक्षा पर्व के पालन में उसे जो प्रेम था उससे यही प्रतीत होता है कि इन पर्व-तिथियों के दिन विशेषरूप से आराधना करके जीवन की सार्थकता करनी चाहिए।

10

।। रावण और वाली मुनि ।।

रावण ने एकदिन अपनी राजसभा में सुना कि, वानरों का राजा वाली बहुत बलवान है । अन्य के प्रतापी बल से जलते हुए रावण ने तुरन्त ही वाली मुनि के पास दूत भेजा और पहलेसे चलता हुआ स्वामी-सेवक के संबन्ध का वृत्तान्त कहलवाया और कहा कि ''इसको आगे बढ़ाते हुए आप रावण की सेवा करें ।''

यह सुनकर क्रोधित हुए वाली ने कहाँ कि ''मैं अरिहन्त भगवान् के अलावा किसी का सेवक नहीं हूँ ।'' वाली की यह बात सुनकर रावण अत्यन्त क्रोधित हुआ और फौरन वाली के साथ घमासान युद्ध किया ।

शस्त्रों द्वारा उसके साथ युद्ध करके अन्तमें चन्द्रहास नाम की तलवार के साथ लंकेश्वर रावण को अपनी बगल में दबाकर चारों समुद्रों तक फैली हुई पृथ्वी में वाली घूम आया। बाद में रावण को उसने छोड़ दिया। वाली को वैराग्य हो जाने से अपने राज्य पर सुग्रीव को बिठाकर स्वयं उसने प्रव्रज्या अंगीकार कर ली। सुग्रीव ने दशकण्ठ रावण को अपनी बहन श्रीप्रभा दी और वाली के पुत्र चन्द्ररश्मि को युवराज पद पर स्थापित किया।

एक बार रावण वैताढ्यगिरि के ऊपर रत्नावली के साथ विवाह करने के लिये आकाशमार्ग से जा रहा था। उस समय रास्ते में उसका विमान अष्टापद पर्वत पर स्खलित हो गया। विमान की इस तरह की रुकावट के कारण की खोज करने पर उसने वहाँ पर ध्यानारूढ़ और स्तम्भ की तरह निश्चल वाली को देखा। 'अब भी दम्भ से साधु का वेश धारण करनेवाला यह क्या मुझ पर क्रोध रखता है ? पहाड़ के साथ इसे भी उठा करके लवणसमुद्र में फेंक दूँगा'-ऐसा कह करके पृथ्वी को नीचे से खोदकर और उस में प्रवेश करके अत्यन्त गर्व से वह अपनी हजारों विद्याओं का स्मरण करने लगा। बादमें जिसके पत्थरों के जोड़ टूट रहे हैं, जिसके पास का समुद्र क्षुब्ध हो उठा है और जिस पर रहे हुए प्राणी भयभीत हो गए हैं—ऐसा पर्वत उसने उठाया। 'अरे ! मुझ पर मार्त्यभाव होने से यह इस तीर्थ का क्यों विनाश कर रहा है ? यद्यपि मैं निःसंग-राग-द्वेष से रहित हूँ फिर भी इसे दण्डित करने के लिये अपना बल तनिक दिखलता हूँ।' इस प्रकार मन में सोच कर के मुनीश्वर वाली ने अपने बाएँ पैर के अँगूठे के अगले हिस्से से अष्टापद पर्वत के शिखर को जरा दबाया। इस पर जिसका शरीर दब गया है ऐसा वह खून की उलटी करता हूआ मानो सारे विश्व को रुलाता हो इस तरह दीनपुरुष की तरह रोने लगा। उसका दीन-रुदन सुनकर कृपालु वाली ने तत्काल ही अँगूठे से दबाना छोड़ दिया क्योंकि उनका यह कार्य तो केवल शिक्षा के लिये ही था । क्रोधवश तो वह ऐसा कर ही नहीं रहे थे। वहाँ से बाहर निकलकर रावण ने वाली से क्षमा माँगी और चक्रवर्ती भरत द्वारा निर्मित चैत्य में भगवान् की पूजा करने के लिये गया। सारे रनवास के साथ उसने वहाँ पर भगवान् की अष्टप्रकारी पूजा की। बाद में वह तीर्थंकर भगवानों को नमस्कार करके नित्यालोक नाम के नगर में गया और वहाँ पर रत्नावली के साथ विवाह करके वह पुनः लंका में वापिस लौटा।

11

।। महामणि चिंतामणी ।।

गुरु गौतमस्वामी : एक अध्ययन

भद्दो विणीय विणओ, पढम गणहरो सम्मत्त सुअ नाणी।
जाणंतोडवि तमत्थं, विम्हिय हियओ सुणइ सव्वं।

—प्रभु महावीर-हस्त-दीक्षित

श्री धर्मदास गणि विरचित श्री उपदेशमाला, गाथा-६

किसी समय भगवान् महावीर चम्पानगरी पधार रहे थे। तभी शाल और महाशाल ने स्वजनों को प्रतिबोधित करने जाने की इच्छा व्यक्त की। प्रभु की आज्ञा से गौतस्वामि के नेतृत्व में श्रमण शाल और महाशाल पृष्ठचम्पा गये। वहाँ के राजा गागलि, उसके मातापिता यशस्वती और पिढर को प्रतिबोधित कर दीक्षा प्रदान की। पश्चात् वे सब चल पड़े प्रभु की सेवा में। मार्ग में चलते-चलते शाल और महाशाल गौतमस्वामि के गुणों का चिन्तन करते हुए और गागलि तथा उसके मातापिता शाल एवं महाशाल मुनियों की परोपकारिता का चिन्तन करते हुए अध्यवसायों की शुद्धि के कारण कैवल्यता को प्राप्त हो गये। सभी भगवान् के पास पहुँचे। ज्यों ही शाल और महाशालादि पाँचों मुनि केवलियों की पर्षदा में जाने लगे तो गौतम ने उन्हें रोकते हुए कहा- ''पहले त्रिलोकीनाथ को वन्दना करो''। उसी क्षण भगवान् ने कहा- ''गौतम! ये केवली हो चुके हैं अतः इनकी आशातना मत करो।''

गौतम ने उनसे क्षमायाचना की। किन्तु मानस अधीर आकुलव्याकुल संदेहों से भर गया। सोचने लगे-मेरे द्वारा दीक्षित अधिकांश शिष्य केवलज्ञानी हो चुके हैं। परन्तु मुझे अभी तक केवलज्ञान नहीं हुआ। क्या मैं सिद्धपद प्राप्त नहीं कर पाऊँगा ?

एक बार प्रभुमुख से अष्टापद तीर्थ की महिमा का वर्णन हुआ; प्रभु ने कहा— जो साधक स्वयं की आत्मलब्धि के बल पर अष्टापद पर्वत पर जाकर, चैत्यस्थ जिनबिम्बों की वन्दना कर एक रात्रि वहाँ निवास करता है वह निश्चय ही मोक्ष का अधिकारी बनता है। और इसी भव में मोक्ष जाता है। गणधर गौतम उपदेश के समय कहीं बाहर गये थे लौटने पर उन्हें यह वाणी देवमुख से सुनने को मिली। गौतम को मार्ग मिल गया। भगवान् से अनुमति ले कर अष्टापद यात्रार्थ गये। गुरु गौतम आत्मसाधना से प्राप्त चारणलब्धि के बल पर वायुवेग से अष्टापद पर पहुँचे।

इधर कौडिन्य, दिन्न और शैवाल नाम के तीन तापस भी मोक्षप्राप्ति की निश्चयता हेतु अपने-अपने ५००-५०० शिष्यों के साथ कठोर तप सहित अष्टापद चढ़ने का प्रयत्न कर रहे थे।

कौडिन्य उपवास के अनन्तर पारणा, फिर उपवास करता था। पारणा में कंदमूल आदि का आहार ग्रहण करता था। वह अष्टापद पर्वत की आठ सोपानों में से एक पहली ही सोपान चढ़ पाया था।

Guru Gautamswami : Ek Adhyayan Vol. I Ch. 4-C-D, Pg. 163-169

दिन्न तापस दो-दो उपवास का तप करता था। पारणे में नीचे पड़े पत्ते ही खाकर रहता था। वह अष्टापद के दो सोपान ही चढ़ पाया था। शैवाल तापस तीन-तीन उपवास की तपस्या करता था। पारणे में सूखी शेवाल खाकर रहता था। वह अष्टापद की तीन सोपान ही चढ़ पाया था। पर्वत की आठ मेखलायें थीं। अन्तिम मेखला तक कैसे पहुँचना-वे अपने १५०० शिष्यों सहित इसी चिन्ता में लगे रहते थे।

उन्होंने जब मदमस्त हाथी की तरह चाल वाले दृढ़काय गौतमस्वामि को इस तरह सहज में अष्टापद पर अपनी आँखो से चढ़ते देखा तो विचारने लगे- हमारी इतनी विकट तपस्या और परिश्रम भी सफल नहीं हुए-जबकि यह महापुरुष तो खेल ही खेल में ऊपर पहुँच गये। निश्चय ही इस महायोगी के पास कोइ महाशक्ति होनी चाहिये। उन्होंने निश्चय किया कि ज्यों ही ये महर्षि नीचे उतरेंगे हम उनके शिष्य बन जायेंगे। इसकी शरण अंगीकार करने से हमारी मोक्ष की आकांक्षा अवश्य ही सफलीभूत होगी।

अष्टापद पर्वत पर भगवान् ऋषभदेव का निर्वाण हुआ था। वहाँ पर चक्रवर्ती भरत ने भगवान् के मुख से वर्णन किए गए २४ तीर्थंकरों की कायप्रमाण एवं वर्णवाली रत्नमय प्रतिमाओं का निर्माण कराया था। और चारों दिशा में ४-८-१०-२ की संख्या में बिराजमान की थीं। उन प्रतिमाओं के दर्शन कर उनकी रोमराजी विकसित हो गई, और हर्षोत्फुल नयनों से दर्शन किये। श्रद्धा-भक्ति पूर्वक वंदन, नमन, भावार्चन किया। रात्रि एक सघन वृक्ष के नीचे धर्मजागृति पूर्वक ध्यानस्थ होकर बितायी।

वहाँ पर वज्रस्वामि का जीव वैश्रमण देव भी तीर्थ-वंदनार्थ आया था। गुरु गौतमस्वामि के हृष्टपुष्ट तेजोमय बलवान शरीर को देख कर मन में विचारने लगा- कहाँ तो शास्त्रों में वर्णित कठोर तपधारी दुर्बल कृशकाय श्रमणों का शरीर, और कहाँ यह हृष्टपुष्ट तेजोमय शरीरधारी श्रमण ! ऐसा सुकुमार शरीर तो देवों को भी नहीं मिलता। तो क्या यह श्रमण शास्त्रोक्त मुनिधर्म का पालन करता होगा ? या केवल परोपदेशक ही होगा ?

गुरु गौतम उस देव के मनोगत भावों को जान गये। और उसकी शंका को निर्मूल करने के लिये ज्ञाताधर्मकथा के १९ वें अध्याय में वर्णित पुण्डरीक कण्डरीक का जीवनचरित्र सुनाने लगे और उसके माध्यम से कहा कि-महानुभाव ! तो दुर्बल, अशक्त और निस्तेज शरीर ही मुनित्व का लक्षण बन सकता है, और न ही स्वस्थ, सुदृढ, हृष्टपुष्ट एवं तेजस्वी शरीर मुनित्व का विरोधी बन सकता है। वास्तविक मुनित्व तो शुभ ध्यान द्वारा साधना करते हुए संयमयात्रा में ही समाहित रहता है। वैश्रमण देव की शंका निर्मूल हो गई और वह बोध पा कर श्रद्धालु बन गया।

प्रातःकाल जब गौतमस्वामि पर्वत से नीचे उतरे तो सभी तापसों ने उन का रास्ता रोक कर कहा- ''पूज्यवर ! आप हमारे गुरु हैं और हम सभी आपके शिष्य हैं !'' तब गौतम स्वामी ने कहा की आप सभी मेरे गुरुवर्य के शिष्य बनें । यह सुनकर तापस साश्चर्य बोले- ''आप जैसे सामर्थ्यवान के भी गुरु है ?''

गौतम ने कहा- ''हाँ, सुरासुरों एवं मानवों के पूजनीय, रागद्वेष रहित सर्वज्ञ महावीरस्वामि जगद्गुरु हैं- वे ही मेरे गुरु हैं।'' तापसों ने कहा- ''भगवन् ! आप हमें इसी स्थान पर और अभी ही सर्वज्ञशासन की दीक्षा प्रदान करावें।'' गौतमस्वामि ने अनुग्रह पूर्वक कौडिन्य, दिन्न और शैवाल को पन्द्रह सौ तापसों सहित दीक्षा प्रदान की और भगवान् के दर्शनार्थ चल पड़े। रास्ते में गौतम ने शिष्यों से पारणा करने को कहा-तापसों ने कहा- ''आप जैसे समर्थ गुरु को पा कर हम परमानन्द को प्राप्त हुए हैं- अतः हम परमान्न खीर को भोजन लेकर पारणा करना चाहते हैं।'' गौतमस्वामि पात्र लेकर समीप की वस्ती (गाँव) मे भिक्षाचर्यार्थ गये। लब्धिधारी गौतमस्वामि को वांछित क्षीर की प्राप्ति हुई। पात्र भरकर शिष्यमण्डली के पास आये, और पारणा हेतू, भोजन मण्डली में बैठने की अनुज्ञा प्रदान की। नवदीक्षित मुनि आपस में कानाफुसी करने लगे कि हम १५०३ हैं, और यह खीर तो १५०३ के तिलक लगाने बराबर भी नहीं है। कैसे पारणा होगा ? शिष्यों का मन आशंकित देखकर उसी क्षण गौतमस्वामि शिष्यों को पंक्तिबद्ध बिठाकर दाहिने हाथ के अँगूठे को क्षीरपात्र में डुबोंकर पात्र द्वारा खीर परोसने लगे। अक्षीणमहानसी लब्धि के प्रभाव से १५०३ तापसों ने पेट भर कर खीर का भोजन किया। गौतमस्वामी के बारे में यह पंक्ति चरितार्थ हुई-

अंगूठे अमृत वसे, लब्धि तणा भंडार।
श्री गुरु गौतम समरिये, मनवांछित फल दातार।।

कहते हैं कि ५०१ तापस गौतम के गुणों से प्रभावित होकर पारणा करते हुए शुक्ल ध्यानारूढ़ हो केवलज्ञान को प्राप्त हुए। ५०१ भगवान् महावीर की गुरुमुखी से प्रशंसा सुन दूर से ही समवसरण देख कर रास्ते में ही केवलज्ञानी हुए। और शेष ५०१ प्रभु के समवसरण की शोभा एवं प्रभु की मुखमुद्रा देख कर केवलज्ञानी ही गये। गौतम इस बात से अनभिज्ञ थे। समवसरण में प्रवेश के बाद भगवान् को वन्दना-प्रदक्षिणा कर सभी शिष्य केवलीओं की पर्षदा की ओर जा रहे थे । तब गौतम स्वामी ने कहा की वहाँ बैठकर केवलियों की आशातना मत करें। प्रभु ने गौतम को रोकते हुए कहा कि, ये सब केवली ही हैं। तुम उन्हें रोक कर आशातना मत करो। प्रभुमुख से जवाब सुन कर गौतम अवाक् देखते रह गये। मन ही मन अपने कैवल्य के लिये खिन्नता का अनुभव करने लगे। अहो ! मुझे केवलज्ञान की प्राप्ति कब होगी ! चिन्तातुर गौतम को देखकर प्रभु बोले- हे गौतम ! चिरकाल के परिचय के कारण तुम्हारा मेरे प्रति उर्णाकर (धाज़ के छिलके समान) जैसा स्नेह है। इस लिये तुम्हें केवलज्ञान नहीं होता है। देव-गुरु-धर्म के प्रति प्रशस्त राग होने पर भी वह यथाख्यात चारित्र का प्रतिबन्धक है। जैसे सूर्य के अभाव में दिन नहीं होता, वैसे यथाख्यात चारित्र के बिना केवलज्ञान नहीं होता। अतः स्पष्ट है कि जब मेरे प्रति तुम्हारा उत्कट स्नेह-राग समाप्त होगा तब तुम्हें अवश्यमेव केवलज्ञान की प्राप्ति होगी। पुनः भगवान् ने कहा— गौतम ! खेद मत करो इस भव में ही मनुष्यदेह छूट जाने पर हम दोनों (अर्थात् तुम और मैं) समान एकार्थी होंगे— सिद्धक्षेत्रवासी बनेंगे। प्रभुमुख से ऐसे वचनों को सुनकर गौतम का विषाद समाप्त हुआ।

ईसा से ५१७ वर्ष पूर्व भगवान् महावीर स्वामि का निर्वाण हुआ। निर्वाण के समय प्रभु ने गौतम को देवशर्मा ब्राह्मण को प्रतिबोधित करने के बहाने अपने से दूर भेजा। वही दूरी गौतमस्वामि को कैवल्यता देने वाली साबित हुई। प्रभु के निर्वाण से प्रशस्त राग का विसर्जन होते ही कार्तिक सुदि १की प्रभात में केवली हुए। गुरु गौतमस्वामि ३० वर्ष के संयम पर्याय के बाद केवली हुए। केवली होकर १२ वर्ष तक विचरण करते हुए महावीर प्रभु के उपदेशों को जन-जन तक पहुँचाया। भगवान् महावीर के १४००० साधु, ३६००० साध्वियों, १५९०० श्रावक एवं ३१८०० श्राविका रूप चतुर्विध संघ के तथा अन्य गणधरों के शिष्यों के वे एक मात्र गणाधिपति रहे। ९२ वर्ष की उम्र में अपने देह की परिपक्व अवस्था देख कर देहविलय हेतु राजगृह के वैभारगिरि पर आये और एक मास का पादपोपगमन अनशन स्वीकार कर कार्तिक शुक्ला पूर्णिमा के दिन निर्वाण को प्राप्त किया। सिद्धबुद्ध मुक्त हुए। जैन परम्परा में गुरु गौतम के नाम से अनेक तप प्रचलित हैं- १ वीर गणधर तप, २ गौतम कमल तप, ३ निर्वाण दीपक तप। इन तपों की आराधना कर भव्यात्माएँ मोक्षसुख की कामना करते हैं।

गौतमस्वामी का शरीर मोटा-ताज़ा था। यह बात ग्रन्थकार ने ऐसी लिखी है टीकाकार ने, मूलग्रन्थ में नहीं टीकाकार ने लिखा है। पीछे कईयों ने ये टीकायें बनाईं। टीकायें यानि विशेष अर्थ। कईयों ने रचनाएँ की हैं लेकिन लगभग विवाद चालू है। फिर सूर्य की किरणों का अवलंबन ले कर के ऊपर पधारे, पर वास्तव में चेतना सूर्य की। यह किरणों को पकड़ना और चढना-तो यह कोई हाथ में थोड़े ही आती हैं। पर यह चैतन्य किरणों-जिसके अवलंबन से आप ऊपर पधारे। जिनको नाभिमण्डल में ध्यान, धारणा और समाधि स्थिति सिद्ध हो सकती है, नाभिकमल की किरणों का उपयोग स्थिर करके-तो उसके साथ जब वह लब्धि प्रगट हो जाती है, एक साथमें ही उपयोग इधर भी रहे, सारे शरीर का सेंटर है नाभि-मण्डल-और आकाश में भी रहे तो यह शरीर आकाश में उडना हो सकता है। जिनको उडना हो वह उड़े, यह है प्रयोग। उपयोग इधर और उधर आकाश में। दोनों में एक समानता, उसमें क्षति नहीं हो, धारा अखण्ड रहे जब तक, तब तक उड सकता है। जहाँ जाना हो जा सकता है। यह मनुष्यों को उडने की कला है। ये सारी लब्धियाँ आप में थीं इस लिये आप उधर गये। उस वक्त १५०३ तापस अष्टापद पर्वत के

चारों ओर थे। भरत महाराजा ने इस प्रकार रचना कराई थी कि जिससे कोई ऊपर न जा सके मनुष्य किसी भी तरह भी। तो यह चारों ओर से किलेबन्दी के रूप में कठिन करके और नीचे का समतल कर दिया, फिर ऊपर के भाग में जो ऐसा भाग होता है, ऐसा ऐसा करके एल मार्क की तरह से कठिन कर दिया। वह पायरी बन गई। इस तरह आठ पायरी थीं। ऊपर भगवान् ऋषभदेव का निर्वाण हुआ है। ऐसे तो हिमालय प्रदेश में वह वस्तु है। बहुत सी ऐसी शिखरमालाएँ हैं पर यह कैलाश शिखर कहलाता है। वही है अष्टापद। बर्फ के अन्दर ये चीज़ें मौजूद हैं और अभी गुप्त गुप्त रहें इसी में मजा है। तिबेट (तिब्बत) भूमि अभी चाइना के हाथ में है और उसमें जो चीज़ें हैं ऐसी चीजें हैं जो उनके हाथमें नहीं आवे उसमें ही कुशलता है। तो वहाँ १५०३ तापसों में से एक ग्रुप ५०१ का पहली पायरी पर चढ़ सका। इतनी लब्धि उनको प्राप्त हुई थी, और दूसरा ग्रुप दूसरी पायरी पर, तीसरा ग्रुप तीसरी पायरी पर था।

पहली पायरी वाले एकान्तर आहार लेते थे और फलादि से पारणा करते थे और एक उपवास और फिर फल ग्रहण। दूसरे दो उपवास और फिर सूखे पत्ते पुष्पादि फल मिल गए उससे पारणा करते थे और तीसरे तीन दिन के बाद अल्पाहार लेते थे। किसका ? सूखी हुइ सेवाल, यह सेवाल भी ऊपर जो पानी के ऊपर तैरता है वह सेवाल सूखा हुआ है- वह भी पौष्टिक है और उसके इंजेक्शन बनते हैं आजकल। तो वह विलारी के पैर जितनी और तीन चुल्लु जल लेते थे एक बार। और ये ऊपर जाने के लिए आराधना करते थे, कैलाश को वन्दना ।

इस तरह भगवान् के पास सभी दीक्षित बने और बादमें चंदनबाला आदि बहुतसी महिलाएँ वहाँ उपस्थित हुईं, भगवान् से दीक्षा ली। श्रमण समुदाय बना । चतुर्विध संघ की स्थापना शंख आदि श्रावक और श्राविओं का समुदाय सा हो गया। जिसे चतुर्विध संघ कहते हैं। तीर्थ याने जिसका आधार तिरा जाय- संसारसमुद्र को पार किया जाय उसे तीर्थ कहते हैं और उसे बनाने वाले तीर्थंकर जिनके माध्यम से संसारसमुद्र पार उतरते हैं वह तीर्थंकर पद एक विशेष पद है। इसलिए केवलियों में भी यह विशेष पद है तीर्थंकर केवली और वे कहलाते हैं सामन्य केवली। चतुर्विध संघ स्थापन कर भगवान् ३० वर्ष विश्वकल्याण हेतु उदयानुसार विचरे। गौतमस्वामी भी अधिकाँश उनके साथ ही विचरे। भगवान् का अन्तिम चातुर्मास पावापुरी में हस्तिपाल राजा की जीर्ण सभा शुक्लशाला-दाणमण्डप में हुआ। वैशाली गणतन्त्र के अधीन काशी कौशल देश के अठारह गणप्रमुख राजा जो सब जैन-भगवान् के अनुयायी थे, पौषधव्रत धारण कर उपस्थित थे। भगवान् की वाणी उदयानुसार सोलह प्रहर पर्यन्त चालू थी। उन्होंने अपना अन्तिम समय ज्ञात कर गणधर इन्द्रभूति गौतमस्वामी को आदेश दिया की आप निकटवर्ती ग्राम में जा कर देवशर्मा ब्राह्मण को प्रतिबोध दो ! गौतमस्वामी प्रभु के अनन्य भक्त थे। वे जिसे भी दीक्षित करते प्रबल पुण्यराशि के कारण भगवान् के शरण में आने के बाद केवलज्ञान प्रगट हो जाता पर आप तो चार ज्ञानधारी ही थे। उनके सम्पूर्ण कैवल्यदशाप्राप्ति में भगवान् के प्रति प्रशस्त भक्तिराग ही बाधक था। आखिर चलकर वह भी छोड़ना पड़ता है, पर वह छूटता नहीं था। वे सोचते थे कि उस भक्तिराग को छोड दूँ तो केवलज्ञान हो सकता है। लब्धि द्वारा जान सकते थे, आत्मज्ञानी तो थे ही, फिर भी वास्तवमें देखूँ तो वह भी छोड़ना ठीक नहीं हैं, क्योंकि मैं तो नरक में जाने का काम करता था, यज्ञादि हिंसा-अधर्म का पोषण करता था। निरपराध पशुपक्षी और नरबलि तक के पापकार्य मेरे द्वारा हुए हैं। गति तो मेरी नरक थी पर भगवान् ने मुझे नरदेव बना दिया। और मोक्ष तो कोई दूर नहीं, इसी जन्म में ही होगा। फिर जब तक भगवान् हैं उनके प्रति आदरभाव-राग भाव कैसे छोडूं ! इतना भक्तिराग था। इससे संसार की उत्पत्ति नहीं होती पर सम्पूर्ण केवलदशा में यदि प्रवेश करता है तो यह भी छोड़ना आवश्यक है, अनिवार्य है। तो यह छूटता नहीं था। कई बार एकदम भावावेश में आ जाते और भगवान् से प्रार्थना करते कि प्रभु ! मैं क्या ऐसा ही रहूँगा!

भगवान् कहते भाई, भक्तिराग भी बन्धन है, इसको छोडो तो अभी कैवल्य हो जाय तुम्हें ! गौतमस्वामी के मन में यही उत्तर आता कि यह मुझसे नहीं बन पाता। अच्छा है यदि आपकी सेवा मुझे मिले तो मोक्ष नहीं चाहिए, कहाँ जानेवाला है मोक्ष ? यह था भक्तिराग ! वस्तुतः भक्ति का आदर्श थे गणधर

गौतम। वैष्णव आदि सम्प्रदाय में ऐसी भावना है, इसलिए उनके जीवन में कुछ नवीनता आती है। कुछ अद्‌भुत अनुभूतियाँ भी होने लगती हैं और मार्गानुसारिता का विकास होने लगता है। फिर कोई सम्यक् द्रष्टा ज्ञानी का सुयोग मिल जाए तो उनको ज्ञान पाना कोई दूर नहीं। इसलिए यह पात्रता का विकास भक्ति के जरिये ही होता है।

एक बार भगवान् के मुखारविन्द से यह सुना कि जो आत्मलब्धि से अष्टापद की वन्दना करे वह तद्‌भव मुक्तिगामी हो सकता है, औरों से यह संभव है। आत्मलब्धि द्वारा, देवभक्ति करने हेतु। उन्होंने यह देखा कि यह तो आकाश में उडकर ऊपर जा रहा है, यह गुरु सच्चा। यदि हम इसके शिष्य बन जाएँ तो ऐसी शक्ति हम में भी प्रगट हो सकती है। ऐसी भावना रख करके ये बैठे रहे और आप ऊपर गये। ऊपर जो जिनालय है ऐसे आजकल उल्लेख विस्मृत हो गया है, इसलिए कुछ का कुछ है, मूल चीज़ अनुभवगम्य है।

वहाँ तीन चौबीसी के जिनालय हैं। उनमें वर्तमान चौबीसी के रूप में आठवें शिखर के ऊपर चौदह मंदिर हैं और बाकी सातवीं मंजिल पर हैं। जिस में एक जिनालय में एक बिम्ब और चरण, इस तरह से रत्नमय बिम्ब तो कहीं रत्नमय मंदिर भी हैं। कहीं सुवर्णमय हैं इस प्रकार के हैं। वहाँ गणधर गौतम पधारे और वन्दना की खूब उल्लास के साथ। और मूल मंदिर के सामने ग्राऊन्ड है उसमें एक वृक्ष है वह वृक्ष खूब छायादार, उसके नीचे आप रात्रि में रहे हैं। रात्रि के समय में यह वज्रस्वामी का जीव उस समय तिर्यग्जृम्भक देव था, वह वहाँ आया है उनको गणधर गौतम ने प्रतिबोध दिया, उनको आत्मा की पकड़ कराई। प्रतिबोध का मतलब है देह से भिन्न आत्मा को पकड और परिणाम स्वरूप वज्रस्वामी आगे चल कर छोटी वय में ही श्रुतपाठी बन गए हैं। यह है गणधर गौतम की कृपा।

12

।। आचार्य व्रज का इतिवृत्त ।।

(तिर्यक्जृंभक देव)

वज्रस्वामी पूर्वभव में वैश्रमण इन्द्र के सामानिक देव थे। भगवान् वर्द्धमान स्वामी पृष्ठचंपा नगरी के सुभूमिभाग उद्यान में समवसृत हुए। उस नगरी का राजा शाल तथा युवराज महाशाल था। उनकी भगिनी यशोमती के पति का नाम पिठर और पुत्र का नाम गागली था। शाल भगवान् के समवसरण में गया। धर्म सुनकर वह बोला— 'भगवान् ! मैं युवराज महाशाल का राज्याभिषेक कर आपके पास प्रव्रज्या ग्रहण करूँगा।' वह अपने राजप्रसाद में आकर महाशाल से बोला— 'तुम राजा बन जाओ। मैं प्रव्रज्या ग्रहण करूँगा।' महाशाल ने कहा- 'राजन् ! जैसे आप यहाँ हमारे मेढ़ीभूत हैं, वैसे ही प्रव्रजित होने पर भी होंगे। मैं भी आपके साथ प्रव्रजित होना चाहता हूँ ।' तब कांपिल्यपुर से गागली को बुलाकर उसका राज्याभिषेक कर दिया गया। उसकी माता यशोमती कांपिल्यपुर में ही थी। उसके पिता पिठर भी वहीं थे। राजा बनते ही गागली ने उनको पृष्ठचंपा नगरी में बुला लिया। उसने दो दीक्षार्थियों के लिए हजार पुरुषों द्वारा उठाई जाने वाली दो शिविकाएँ बनवाईं। वे दोनों प्रव्रजित हो गए। भगिनी यशोमती भी श्रमणोपासिका बन गई। उन दोनों ने मुनि बनकर ग्यारह अंगों का अध्ययन कर लिया।

एक बार भगवान् राजगृह में समवसृत हुए। वहाँ से वे चंपानगरी की ओर जाने लगे। तब शाल और महाशाल— दोनों मुनियों ने भगवान् से पूछा— 'हम पृष्ठचंपा नगरी जाना चाहते हैं। वहाँ कोई सम्यक्त्व- लाभ कर सकता है अथवा कोई दीक्षित हो सकता है।' भगवान्ने जान लिया कि वहाँ कुछ लोग प्रतिबुद्ध होंगे। भगवान् ने उनके साथ गौतमस्वामी को भेजा। भगवान् चंपानगरी में पधारे। गौतमस्वामी भी पृष्ठचंपा गए। समवसरण में गागली, पिठर और यशोमती ने दर्शन किए। उनमें परम वैराग्य का उदय हुआ। धर्म सुनकर गागली अपने पुत्र का राज्याभिषेक कर माता-पिता के साथ दीक्षित हो गया। गौतमस्वामी उनको साथ ले चंपानगरी की ओर प्रस्थित हुए। उनको चंपानगरी की ओर जाते देखकर शाल-महाशाल को बहुत हर्ष हुआ। उन्होंने सोचा, 'संसार से इनका उद्धार हो गया। तदनन्तर शुभ अध्यवसाय में प्रवर्तमान उन दोनों को केवलज्ञान की प्राप्ति हो गई।' इधर गौतमस्वामी के साथ जाते हुए तीनों ने सोचा— 'शाल-महाशाल ने हमें राज्य दिया। फिर हमें धर्म में स्थापित कर संसार से मुक्त होने का अवसर दिया।' इस प्रकार के चिन्तन से शुभ अध्यवसायों में प्रवर्तन करते हुए तीनों को केवलज्ञान की प्राप्ति हो गई। केवली अवस्था में वे चंपानगरी पहुँचे। भगवान् को प्रदक्षिणा और तीर्थ को नमस्कार कर वे केवली-परिषद् की ओर गए। गौतमस्वामी भी भगवान् को प्रदक्षिणा दे उनके चरणो में वंदना करके उठे और तीनों से कहा— 'कहाँ जा रहे हो ? आओ, भगवान् को वंदना करो।' भगवान् बोले— 'गौतम ! केवलियों की आशातना मत करो।' तब गौतमस्वामी ने मुड़कर उनसे क्षमायाचना की। उनका संवेग बढ़ा। उन्होंने सोचा— 'बस, मैं अकेला ही सिद्ध नहीं हो सकूँगा।'

Avashyak Niryukti Vol. XX Ch. 150-A, Pg. 8533-8543

'जो अष्टापद पर्वत पर चढ़कर धरणीगोचर चैत्यों की वंदना करेगा, वह उसी भव में सिद्ध हो जाएगा।' इस बात को देवता एक-दूसरे को कहते थे। यह बात सुनकर गौतमस्वामी ने सोचा— 'अच्छा है, मैं भी अष्टापद पर्वत पर आरोहण करूँ ।' भगवान् ने गौतम के हृदयगत् भावों को जान लिया और यह भी जान लिया कि वहाँ तापस प्रतिबुद्ध होंगे और इसका चित्त भी स्थिर हो जाएगा। वे बोले— 'गौतम! तुम अष्टापद के चैत्यों की वंदन करने जाओ।' यह सुनकर गौतम बहुत प्रसन्न हुए और अष्टापद की ओर चल पड़े। अष्टापद पर्वत पर तीन तापस कौंडिन्य, दत्त और शैवाल अपने पाँच सौ-शिष्य परिवार के साथ रहते थे। उन्होंने जनश्रुति से गौतम की बात सुनी और सोचा— 'हम भी अष्टापद पर्वत पर आरोहण करें।' कौंडिन्य तापस और उसके पाँच सौ शिष्य उपवास करते और पारणे में सचित्त कंद-मूल खाते थे। उन्होंने अष्टापद पर चढ़ने का प्रयास किया। वे पर्वत की प्रथम मेखला तक ही चढ़ पाए।

दत्त तापस अपने शिष्य परिवार के साथ बेले-बेले की तपस्या करता था और पारणक में वृक्ष से नीचे गिरे सड़े, गले और पीले पत्तों को खाता था। उसने भी अष्टापद पर चढ़ने का प्रयत्न किया परन्तु वह दूसरी मेखला तक ही चढ़ पाया। शैवाल तापस अपने शिष्यों के साथ तेले-तले की तपस्या करता और पारणक में केवल म्लान शैवाल को ही खाता था। वह भी अष्टापद की तीसरी मेखला तक ही आरोहण कर पाया।

इधर भगवान् गौतमस्वामी पर्वत पर चढ़ रहे थे। उनका शरीर अग्नि, तडित् रेखा और दीप्त सूर्य की भाँति तेजस्वी और सुन्दर था। तापसों ने उन्हें आते देखकर व्यंग्य में कहा— ''देखो ! यह स्थूलशरीरी श्रमण अब अष्टापद पर्वत पर चढ़ेगा। हम महातपस्वी हैं, हमारा शरीर दुर्बल और शुष्क है ! हम भी पर्वत पर नहीं चढ़ पाए तो भला यह कैसे चढ़ पाएगा ?''

भगवान् गौतम जंघाचारणलब्धि से संपन्न थे। वे मकड़ी के जाले के तंतुओं के सहारे भी ऊपर चढ़ सकते थे। तापसों ने देखा, गौतम आए और देखते-देखते अदृश्य हो गए। वे पर्वत पर चढ़ गए। तीनों तापस उनकी प्रशंसा करने लगे और वहीं खड़े-खड़े आश्चर्यचकित होकर देखने लगे। उन्होंने सोचा, जब ये पर्वत से नीचे उतरेंगे, तब हम सब इनका शिष्यत्व स्वीकार कर लेंगे।

गौतमस्वामी वहाँ चैत्यों की वंदना कर उत्तर-पूर्व दिग्भाग में अशोकवृक्ष के नीचे पृथ्वीशिलापट्टक पर रात बिताने के लिए आए और वहाँ स्थित हो गए। शक्र का लोकपाल वैश्रमण भी अष्टापद के चैत्यों की वंदना करने आया। चैत्यों को वंदना कर वह गौतमस्वामी को वंदना करने पहुँचा। गौतमस्वामी ने धर्मकथा करते हुए उसे अनगार के गुण बतलाते हुए कहा— 'मुनि अंत और प्रान्त आहार करने वाले होते हैं।' वैश्रमण ने सोचा— 'ये भगवान् अनगारों के ऐसे गुण बता रहे हैं लेकिन इनके शरीर की जैसी सुकुमारता है, वैसी देवताओं में भी नहीं है।' गौतम ने वैश्रमण के मनोगत भाव जानकर पुंडरीक अध्ययन का प्ररूपण करते हुए बताया— 'पुंडरीकिनी नगरी में पुंडरीक राजा राज्य करता था। उसके युवराज का नाम कंडरीक था। युवराज कंडरीक दुर्बलता के कारण आर्त्त, दुःखार्त्त था। वह मरकर सातवीं नरक में उत्पन्न हुआ। पुंडरीक शरीर से हृष्ट-पुष्ट और बलवान् था। वह मरकर सर्वार्थसिद्ध विमान में उत्पन्न हुआ। इसलिए देवानुप्रिय ! दुर्बलत्व या सबलत्व गति में अकारण है। इनमें ध्याननिग्रह ही परम प्रमाण है।' तब वैश्रमण ने सोचा— 'अहो ! भगवान् गौतम ने मेरे हृदयगत भावों को जान लिया।' वह वैराग्य से भर गया और वंदना करके लौट गया। वैश्रमण देव के एक सामानिक देव का नाम जृंभक था। उसने उस पुंडरीक अध्ययन का पाँच सौ बार पारायण किया। इससे उसे सम्यक्त्व की प्राप्ति हुई।

दूसरे दिन गौतम चैत्य-वंदन कर अष्टापद पर्वत से नीचे उतरे। वे तापस गौतम के पास आकर बोले- 'आप हमारे आचार्य हैं, हम सब आपके शिष्य।' गौतम बोले- 'मेरे और तुम्हारे आचार्य हैं- त्रिलोकगुरु भगवान् महावीर।' तापस बोले- 'आपके भी कोई दूसरे आचार्य हैं ?' तब गौतम ने भगवान् महावीर के गुणों की स्तुति

की। गौतम ने उनको प्रव्रजित कर दिया। देवताओं ने उनके लिए साधु के वेश प्रस्तुत किए। सभी गौतम स्वामी के साथ चले। चलते-चलते भिक्षावेला हो गई। गौतम ने पूछा- 'पारणक में क्या लाएँ ?' तापस बोले- 'पायस।' भगवान् गौतम भिक्षा लेने गए। वे सभी लब्धियों से परिपूर्ण थे। वे घृतमधुसंयुक्त पायस से पात्र भरकर लाए और अपनी अक्षीणमहानस लब्धि से एक पात्र पायस से सबको पारणा करा दिया। फिर स्वयं ने भी पारणा किया। सभी पूर्ण तृप्त हो गए। शैवाल खाने वाले पाँच सौ तापसों को गौतम स्वामी की इस लब्धि को देखकर केवलज्ञान की प्राप्ति हो गई। दत्त तापस और उसके शिष्यों को भगवान् महावीर के छत्रातिछत्र अतिशय देखकर केवलज्ञान उत्पन्न हो गया। भगवान् के साक्षात् दर्शन कर कौंडिन्य और उसके शिष्यों को भी केवलज्ञान प्राप्त हो गया। गौतम स्वामी आगे चल रहे थे। शेष सभी उनके पीछे चल रहे थे। सभी ने भगवान् को प्रदक्षिणा दी और जो केवली थे, वे केवली-परिषद् की ओर जाने लगे। गौतम स्वामी ने कहा- 'आओ, पहले भगवान् को वंदना करो।' तब भगवान् महावीर बोले- 'गौतम ! केवलियों की आशातना मत करो।' गौतम भगवान् की ओर मुड़े और **मिच्छामि दुक्कडं** किया। भगवान् गौतम को गहरी अधृति हो गई। भगवान् महावीर ने तब कहा- 'देवता का वचन ग्राह्य है अथवा जिनेश्वर देव का ?' गौतम बोले- 'जिनेश्वर देव का।' भगवान् ने कहा- 'तब तुम अधृति क्यों कर रहे हो ?' भगवान् ने तब चार प्रकार के कटों की बात कही। चार प्रकार के कट होते हैं- शुंबकट, विदलकट, चर्मकट और कंबलकट । इसी प्रकार शिष्य भी चार प्रकार के होते हैं- शुंबकट के समान, विदलकट के समान, चर्मकट के समान तथा कंबलकट के समान। गौतम ! तुम मेरे सदृश शिष्य हो। तुम मेरे चिर-संसृष्ट और चिर-परिचित हो। अंतमें हम दोनों समान हो जायेंगे। तब भगवान् ने गौतमस्वामी की निश्रा में द्रुमपत्रक अध्ययन की प्रज्ञापना की।

वैश्रमण सामानिक देव च्युत होकर अवंती जनपद में तुंबवन सन्निवेश में धनगिरि नामक श्रेष्ठि के घर पुत्ररूप उत्पन्न हुए । जो आगे जाकर आचार्य वज्रस्वामी बने ।

Chapter 5

Ashtapad Tirth Pooja

વિમલ-અનંત-ધર્મનાથ જિન વંદના...

सामाणण-वरचंदो, कयवम्मनरिंदसागरससंको ।
अरिहो विमलजिणेसो, हिययं विमलं महंकुणउ ।।१३।।

